पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 3 ◆ रायपुर 05 अगस्त 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

## महतारी वंदन योजना की 6वीं किश्त जारी

# 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में आंतरित की राशि

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही चरण पादुका वितरण योजना और सरस्वती सायकल योजना फिर से शुरू करने वाली है। जगदलपुर में कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसकी घोषणा की।






मुख्यमंत्री आज यहां जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान श्री साय ने रिमोट का बटन दबाकर महतारी वंदन योजना की 6वीं किश्त की राशि 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में भेजी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जगदलपुर विधायक श्री किरण देव की मांग पर जगदलपुर शहर में लम्बे समय से अधूरे पड़े उच्च स्तरीय ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा कराने के लिए 1 करोड़ की राशि भी मंजूर की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से महतारी वंदन योजना की राशि खाते में जमा होने के मेसेज के आने की पुष्टि भी की। कार्यक्रम में वन मंत्री श्री केदार कश्यप, महिला एंव बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, महापौर श्रीमती सफीरा साहू सहित पूर्व सांसद श्री दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक श्री सुभाऊ कश्यप, संभागायुक्त श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुन्दरराज पी., सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बस्तर जिले में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### गरीबों के लिए समर्पित सरकार- मुख्यमंत्री श्री साय

*दन्तेश्वरी माता के जयकारे से शुरू कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि केन्द्र सरकार की भांति छत्तीसगढ़ की सरकार भी गरीबो के कल्याण, विकास और खुशहाली के लिए समर्पित है। मोदी की गांरटी के तहत गांव गरीब, किसान, महिला, युवा आदिवासी पिछड़े सभी वर्ग के विकास के लिए योजना चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने कार्यभार संभालते ही कैबिनट की पहली बैठक में 18 लाख से अधिक आवासहीन परिवारों को पक्का मकान बनाने की स्वीकृति दी थी।*

### स्व सहायता समूह को बैंक लोन

सम्मेलन में मुख्यमंत्री साय ने 3061 महिला स्व–सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों के संचालन के लिए वित्तीय समावेशन के तहत 100 करोड़ का बैंक लोन का भी वितरित किया। कार्यक्रम में शहीद गुण्डाधूर की प्रतिमा के माल्यार्पण के साथ ही नारी शक्ति से जल शक्ति रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात

## प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 15.18 लाख पात्र परिवारों को जल्द मिलेगा आवास



**नई दिल्ली/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली के कृषि भवन में कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ के कृषि और ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 15.18 लाख पात्र परिवारों के आवास का मुद्दा भी रखा, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने जल्द स्वीकृति देने का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी साथ थे। बैठक में मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री को सूचित किया कि छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 15.18 लाख परिवारों को अभी तक आवास की स्वीकृति नहीं मिली है। इसमें 6.99 लाख परिवार योजना के स्थायी प्रतीक्षा सूची में हैं और 8.19 लाख परिवार आवास प्लस में शामिल हैं। पूर्व में योजना के लिए राज्य का हिस्सा नहीं मिलने के कारण यह समस्या बनी रही। मुख्यमंत्री ने जल्द आवास स्वीकृत करने का अनुरोध किया, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने इस पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

# रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पद की ली शपथ

## चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ; बोले- केंद्र और राज्य के बीच फैसिलिटेटर की भूमिका निभाएंगे

रायपुर। रमेन डेका ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ के 10 वें राज्यपाल के रूप में अपने पद की शपथ ली। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने उन्हें शपथ दिलाई।



राज्यपाल डेका ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। इस अवसर पर प्रथम महिला रानी डेका काकोटी उपस्थित रहीं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने राज्यपाल डेका को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिवादन किया और शुभकामनाएं दी। समारोह में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने रमेन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा जारी वारंट ऑफ अपॉइंटमेंट पढ़ा। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ और समापन सेरेमोनियल पुलिस बैंड द्वारा बजाए गए राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर राज्य गीत की धुन भी बजाई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत राज्यपाल रमेन डेका को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



### छत्तीसगढ़ के 10वें राज्यपाल हैं रामेन डेका

रामेन डेका छत्तीसगढ़ के 10वें राज्यपाल हैं। मध्य प्रदेश के राज्यपाल रामनरेश यादव और आनंदीबेन पटेल राज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल चुके हैं। पूर्णकालिक राज्यपाल के रूप में 8 राज्यपाल प्रदेश में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रदेश के पहले गवर्नर डीएन सहाय थे।

### पहली प्राथमिकता प्रदेश का विकास- रामेन डेका

उन्होंने कहा था कि वे असम और छत्तीसगढ़ के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए भी काम करेंगे। उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदेश के विकास को लेकर है।

# डीडब्ल्यूपीएस स्कूल में शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं के लिये प्रशिक्षण का आयोजन हुआ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के प्रेरकए राष्ट्रीय गणित गुरु बीएन राव मुख्य अतिथि व प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे। प्राचार्य योगेश पोपट ने मुख्य अतिथि बीएन राव का स्वागत किया। राव ने शिक्षकों के जीवन को धन्य व सर्वोपरि बताते हुए कहा कि एक अच्छे शिक्षक को जीवन में संतुलन बनाए रखने के साथ.साथ कुशलता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक बनना सहज नहीं होता है। शिक्षक वह पवित्र शब्द हैए जिसमें बुद्धिए तर्कए धैर्यए निर्माण सहनशीलताए सहजताए विनम्रता और रचनात्मकता आदि समाहित होते हैं। कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्र.छात्राओं को गणित विषय में होने वाली परेशानियों तथा गणित विषय से भय खाने वाले छात्र.छात्राओं को गणित के कई सहज सूत्रों द्वारा हल करने की विधि बताकर उन्हें भय.मुक्त बनाने में सफल रहे। बच्चों को लेकर राव ने कहा कि हम गणित विषय को जितना कठिन समझते हैं उतना होता नहींए बस यह विषय लगन और निरंतर अभ्यास माँगता है तथा अन्य विषयों की अपेक्षा कुछ अतिरिक्त समय। उन्होंने इसे खेल.खेल में सीखने और इसमें रुचि रखने के तमाम सूत्र विस्तार पूर्वक बताये। इस मौके पर राव से गणित विषय मे रू चि रखने वाले विद्यार्थियों ने तमाम सूत्र के संबंध मे प्रश्न पूछकर अपना ज्ञार्नाजन किया। उक्त मौके पर प्राचार्य पोपट ने राव को मोमेंटो भेंट किया। कार्यक्रम मे स्कूल के अश्वनी शर्माए संदीप गोयल सहित स्कूल स्टाफ व अन्य लोग उपस्थित थे।

## केन्द्रीय बजट को विकासोन्मुखी बताया शिवरतन ने



**भाटापारा।** मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट बताया है। उन्होने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये बजट का स्वागत करते हुये कहा है कि युवाओं के लिये बजट मे इंटर्नशिप योजना के तहत प्रतिमाह भत्ता स्वीकृत करने को युवाओं के लिये हितकारी बताते हुये कहा कि इससे स्किल के साथ साथ युवा साथियों को रोजगार मिल सकेगा साथ हीं उच्च शिक्षा के लिये मुद्रा योजना अंतर्गत 10 लाख रूपये तक लोन मिलने से युवा आत्मनिर्भर होकर और अधिक उत्साह के साथ कार्य कर सकेंगे। शिवरतन शर्मा ने बजट मे 80 करोड़ लोगों को मुफ्त मे राशन देने तथा तीन करोड़ आवास एवं इंफ्र ास्ट्रक्चर के लिये राशि का प्रावधान किये जाने को बड़ा कदम बताते हुये बजट को विकासोन्मुखी बताया है। शर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त योजना के तहत निरूशुल्क सौर विद्युत योजना के तहत लोगों के घर की छत मे सोलर पैनल लगाने की व्यवस्था का स्वागत करते हुये इसे सरकार का जनता के हित मे स्वागतयोग्य फ ैसला बताया है उन्होने आगे कहा है कि उक्त योजना से एक करोड़ परिवार को हर महीने 300 यूनिट तक निरूशुल्क बिजली मिल सकेगी शिवरतन ने कैंसर जैसी रोगों की दवा सस्ती करने व टैक्स स्लेब मे आम लोगों को राहत देने के कदम का स्वागत करते हुये बजट को बेहतरीन बजट बताया है व स्वागत किया है।

## नये न्यायिक अधिनियम पर व्याख्यान एवं परिचर्चा का आयोजन

**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग एवं रा.से.यो. के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में व्याख्यान एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.पूर्णिमा साहू ने न्यायिक अधिनियमों की वतर्मान प्रासंगिकता पर चर्चा की। नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी ने भारतीय न्यायिक व्यवस्था के संबंध मे नये अधिनियमों के विभिन्न प्रावधानों का विस्तार से विश्लेषण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजन तिवारी एवं आभार प्रदर्शन सुश्री इंद्राणी मरकाम ने किया। उपरोक्त अवसर पर डॉ.शशिकिरण कुजूर, डॉ. प्रीति सोनी, श्रीमती रेखा कश्यप, डॉ.योगमाया, डॉ.रुचि, डॉ.सुशीला, पूजा, राजू एवं बड़ी संख्या में कालेज के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### भाटापारा में रामलीला मंडली का अभ्यास वर्ग कार्यक्रम प्रारंभ



**भाटापारा।** स्थानीय रामलीला मैदान पुराना गंज के मैदान मे भाटापारा शहर की ऐतिहासिक व 105 वर्ष पुरानी आदर्श रामलीला नाटक मंडली द्वारा गुरू पूर्णिमा पर्व पर गुरू पूजन के साथ हीं रामलीला मंचन के लिये अभी से अभ्यास व कलाकारो का अभिनय तैयारी प्रारंभ हो गया। उपरोक्त संबंध मे कोमल शर्मा ने बताया कि गुरू पूजन के अवसर पर भगवान शंकर, श्रीराम, हनुमान तथा शंकराचार्य का पूजन कार्यक्रम हुआ उसके पश्चात आदर्श रामलीला नाटक मंडली के आने वाले महीनो मे होने वाले रामलीला नाटक मंचन के लिये कलाकारो द्वारा अभ्यास वर्ग का शुभारंभ भी हो गया। आगामी नवरात्रि पर्व से विजयादशी पर्व दशहरा तक तमाम कलाकार अभ्यास वर्ग मे भाग लेंगे। रामलीला नाटक मंडली के अभ्यास वर्ग के शुभारंभ अवसर पर प्रकाश शर्मा, कैलाश शर्मा, धनजी जोशी, देवनारायण शर्मा व लाला शर्मा सहित छोटे बडे व वरिष्ठ सदस्य एवं बाल कलाकार उपस्थित थे।

### भाटापारा का ऐतिहासिक अखंण्ड राम नाम सप्ताह समारोह 20 अगस्त से



**भाटापारा।** नगर के ऐतिहासिक व प्राचीन धार्मिक आयोजन अखंण्ड राम नाम सप्ताह के 86 वे वार्षिक समारोह के आयोजन के लिये रामसप्ताह मंडप परिसर मे आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमे क्षेत्र के प्रसिद्ध उपरोक्त धार्मिक आयोजन मे सभी से सहयोग का आव्हान किया गया बैठक मे आगामी 20 अगस्त से 26 अगस्त तक अखंण्ड राम नाम सप्ताह समारोह के आयोजन की जानकारी दी गई। उक्त समारोह का भव्य शोभायात्रा जुलूस 27 अगस्त को निकलेगा। बैठक मे अनिल चांडक, सत्यनारायण जोशी, मोहन केशरवानी, सतीश अग्रवाल, धनजी जोशी, श्यामसुंदर शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, गोविंद बिस्सा, राजेश छाबडिया, अशोक तिवारी, कैलाश बालानी, तंजीव आरोरा, राधेश्याम शर्मा, वल्ल लाहोटी, नरेश शर्मा, सनत यादव, पवन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, राजकुमार मल, शिव पुरोहित व प्रकाश मोदी सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

### विधानसभा घेराव में भाटापारा के कांग्रेसी शामिल हुये

**भाटापारा।** प्रदेश मे सत्तारूढ भाजपा शासन के विभिन्न असफ लताओं पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा बुधवार को विधानसभा घेराव के आयोजित कार्यक्रम मे भाटापारा क्षेत्र के कांग्रेसी बडी तादाद मे शामिल हुये। जिसमे गिरीश देवांगन, इंन्द्र साव, आलोक मिश्रा, शैली भांटिया, सुशील शर्मा, वैभव केशरवानी, लक्ष्मी पांडे, संतोष सोनी व अरूण यदू सहित बडी संख्या मे शहर व ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेसी शामिल हुये। उक्ताशय की जानकारी आलोक मिश्रा ने दी है।



# राहुल गांधी की विभाजनकारी राजनीति और बेतुके तर्क



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है।

> लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगता। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफ़सर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है। यही वजह है कि हलवा परम्परा की जब राहुल गांधी अपनी तरह से विवेचना कर रहे थे, तब वित्त मंत्री ने माथा पकड़ लिया था। राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है। लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। इस तरह की बेतुकी बातें करते हुए वे क्यों नहीं समझना चाहते कि ऐसी स्थिति और इस तरह की परम्परा कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों के समय से ही चली आ रही है। कांग्रेस ही इसकी जिम्मेदार हैं, लेकिन वह कुछ समझने के लिए तैयार ही नहीं। राहुल गांधी एक तरह से यह कहना चाह रहे हैं कि अनारक्षित वर्गों के अधिकारी आरक्षित वर्गों के हितों की उपेक्षा करते हैं। इस तरह वे देश की परम्पराओं एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के समझे बिना ऐसा कुछ कह जाते है जो देश की एकता, अखण्डता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत होता है। राहुल के बोलने का बचकानापन तो कभी-कभी सारी हदें पार कर जाता है। एक बार तो उन्होंने यहां तक कह दिया हैं कि उच्च जाति के शिक्षक प्रश्नपत्र बनाते हैं, इसलिए आरक्षित वर्ग के छात्र फेल हो जाते हैं। आखिर यह भड़काऊ राजनीति नहीं तो और क्या है? राहुल गांधी ने बजट पर सरकार को घेरने के लिए महाभारतकालीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी कह डाला कि जैसे अभिमन्यु को चक्रव्यूह में घेर लिया गया था, उसी तरह देश को भी मोदी सरकार ने घेर रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री समेत जिन छह लोगों को इस घेराबंदी के लिए जिम्मेदार ठहराया, उसमें अंबानी-अदाणी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी शामिल कर लिया। उन्होंने दावा किया है कि भारत पर कब्जा करने वाले चक्रव्यूह के पीछे तीन ताकतें है- पहली एकाधिकार पूंजी का विचार, जिसमें दो लोगों को देश की समूची संपत्ति का मालिक बनने की अनुमति देना। दूसरा देश की संस्थाएं, एजेंसियां, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग हैं एवं तीसरी राजनीतिक कार्यप्रणाली है। इन तीनों ने मिलकर देश को तबाह कर दिया है। इस तरह के बयानों एवं बोलों से स्पष्ट है कि वह मनमाने और बेतुके तर्क देने में संकोच नहीं कर रहे हैं। वह अपनी ऐसी बातों से चर्चा में तो आ जाते हैं और उनके समर्थक उनकी वाह-वाही करने में भी जुट जाते हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह न तो समाज को कोई सही दिशा दे पा रहे हैं और न ही सरकार को कोई सार्थक सुझाव। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, चिन्तनीय है। राहुल गांधी के रुख-रवैये एवं अतिश्योक्तिपूर्ण तर्कों से यही लगता है कि वह अभी भी चुनावी मुद्रा में हैं। अपनी चुनाव पूर्व की आक्रामकता से वे उपरत नहीं हो पाये हैं। वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? उन्हें बताना चाहिए कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में बजट बनाने में आरक्षित वर्गों के कितने अधिकारियों की हिस्सेदारी होती है? वह मोदी शासन की तरह मीडिया में भी आरक्षित वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रश्न भी कई बार उठा चुके हैं।

\- ललित गर्ग

# हरेली पर धरती माँ का श्रृंगार करें, एक पेड़ मां के नाम लगाएं

छत्तीसगढ़ की संस्कृति अपनी अति विशिष्ट परंपराओं और पर्वों के लिए जानी जाती है और हर पर्व, प्रकृति के पीछे गहरे समर्पण की मिसाल देता है। हरियाली को लेकर ऐसा ही दुर्लभ पर्व हरेली है, जब पूरी धरती हरीतिमा की चादर ओढ़ लेती है। धान के खेतों में रोपा लग जाता है और खेतों में चारों ओर प्रकृति अपने सुंदर नजारे में अपने को व्यक्त करती है।



धरती माता का पूरा स्नेह पृथ्वीवासी या हर जीव-जन्तु पर उमड़ता है और इस स्नेह के प्रतिदान के लिए हम हरेली में प्रकृति को पूजते हैं। इस बार हरेली पर्व पर एक और खुशी हमारे प्रदेशवासियों के साथ जुड़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पर लगाने के अभियान का आगाज किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में यह अभियान पूरे उत्साह से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने हरेली के अवसर पर लोगों से पेड़ लगाने की अपील की है। यह पेड़ वे अपनी माँ के नाम लगाएंगे साथ ही धरती माँ के नाम लगाएंगे, जो धरती हमें इतना कुछ देती है, उसके श्रृंगार के लिए पौधा लगाएंगे और सहेजेंगे। यह पौधा हमारी हरेली की स्मृतियों को सुरक्षित रखने के लिए भी यादगार होगा। साथ ही प्रदेश भर में जहां भी खुले मैदानों में पौधरोपण के आयोजन होंगे वहां लोग गेड़ी का आनंद भी लेंगे। अपनी प्रकृति और परिवेश से जुड़ने और इसे समृद्ध करने से बढ़कर सुख और क्या होगा।

छत्तीसगढ़ का सबसे पहला लोक पर्व हरेली है, जो लोगों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति और आस्था से परिचय कराता है। हरेली का मतलब हरियाली होता है, जो हर वर्ष सावन महीने के अमावस्या में मनाया जाता है। हरेली मुख्यत: खेती-किसानी से जुड़ा पर्व है। इस त्यौहार के पहले तक किसान अपनी फसलों की बोआई या रोपाई कर लेते हैं और इस दिन कृषि संबंधी सभी यंत्रों नागर, गैंती, कुदाली, फावड़ा समेत कृषि के काम आने वाले सभी तरह के औजारों की साफ-सफाई कर उन्हें एक स्थान पर रखकर उसकी पूजा-अर्चना करते हैं। घर में महिलाएं तरह-तरह के छत्तीसगढ़ी व्यंजन खासकर गुड़ का चीला बनाती हैं। हरेली में जहाँ किसान कृषि उपकरणों की पूजा कर पकवानों का आनंद लेते हैं, आपस में नारियल फेंक प्रतियोगिता करते हैं, वहीं युवा और बच्चे गेड़ी चढ़ने का मजा लेते हैं।

हरेली के दिन गांव में पशुपालन कार्य से जुड़े यादव समाज के लोग सुबह से ही सभी घरों में जाकर गाय, बैल और भैंसों को नमक और बगरंडा का पत्ता खिलाते हैं। हरेली के दिन गांव-गांव में लोहारों की पूछपरख बढ़ जाती है। इस दिन गांव के लोहार हर घर के मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर और चौखट में कील ठोंककर आशीष देते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उस घर में रहने वालों की अनिष्ट से रक्षा होती है। इसके बदले में किसान उन्हे दान स्वरूप स्वेच्छा से दाल, चावल, सब्जी और नगद राशि देते हैं। ग्रामीणों द्वारा घर के बाहर गोबर से बने चित्र बनाते हैं, जिससे वह उनकी रक्षा करे। हरेली त्यौहार के दिन गांव के प्रत्येक घरों में गेड़ी का निर्माण किया जाता है, मुख्य रूप से यह पुरुषों का खेल है घर में जितने युवा एवं बच्चे होते हैं उतनी ही गेड़ी बनाई जाती है। गेड़ी दौड़ का प्रारंभ हरेली से होकर भादो में तीजा पोला के समय जिस दिन बासी खाने का कार्यक्रम होता है उस दिन तक होता है। बच्चे तालाब जाते हैं स्नान करते समय गेड़ी को तालाब में छोड़ आते हैं, फिर वर्षभर गेड़ी पर नहीं चढ़ते हरेली की प्रतीक्षा करते हैं। चूंकि वर्षा के कारण गांव के कई जगहों पर कीचड़ भर जाता है, इस समय गेड़ी पर बच्चे चढ़कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर आते जाते हैं उसमें कीचड़ लग जाने का भय नहीं होता। बच्चे गेड़ी के सहारे कहीं से भी आ जा सकते हैं। गेड़ी का संबंध कीचड़ से भी है। कीचड़ में चलने पर किशोरों और युवाओं को गेड़ी का विशेष आनंद आता है। रास्ते में जितना अधिक कीचड़ होगा गेड़ी का उतना ही अधिक आनंद आता है। वर्तमान में गांव में काफी सुधार हुआ है गली और रास्तों पर काम हुआ है। अब ना कीचड़ होती है ना गलियों में दलदल। फिर भी गेड़ी छत्तीसगढ़ में अपना महत्व आज भी रखती है। गेड़ी में बच्चे जब एक साथ चलते हैं तो उनमें एक दूसरे से आगे जाने की इच्छा जागृत होती है और यही स्पर्धा बन जाती है। बच्चों की ऊंचाई के अनुसार दो बांस में बराबर दूरी पर कील लगाते हैं और बांस के टुकड़े को बीच में फाड़कर दो भाग कर लेते हैं, फिर एक सिरे को रस्सी से बांधकर पुन: जोड़ देते हैं इसे पउवा कहा जाता है। पउवा के खुले हुए भाग को बांस में कील के ऊपर फंसाते हैं पउवा के ठीक नीचे बांस से सटाकर 4-5 इंच लंबी लकड़ी को रस्सी से इस प्रकार बांधते है, जिससे वह नीचे ना जा सके लकड़ी को घोड़ी के नाम से भी जाना जाता है। गेड़ी में चलते समय जोरदार ध्वनि निकालने के लिए पैर पर दबाव डालते हैं जिसे मच कर चलना कहा जाता है।

**नारियल फेंक प्रतियोगिता**- नारियल फेंक बड़ों का खेल है इसमें बच्चे भाग नहीं लेते। प्रतियोगिता संयोजक नारियल की व्यवस्था करते हैं, एक नारियल खराब हो जाता है तो तत्काल ही दूसरे नारियल को खेल में सम्मिलित किया जाता है। खेल प्रारंभ होने से पूर्व दूरी निश्चित की जाती है, फिर शर्त रखी जाती है कि नारियल को कितने बार फेंक कर उक्त दूरी को पार किया जाएगा। प्रतिभागी शर्त स्वीकारते हैं, जितनी बार निश्चित किया गया है उतने बार में नारियल दूरी पार कर लेता है तो वह नारियल उसी का हो जाता है। यदि नारियल फेंकने में असफल हो जाता है तो उसे एक नारियल खरीद कर देना पड़ता है। नारियल फेंकना कठिन काम है इसके लिए अभ्यास जरूरी है। पर्व से संबंधित खेल होने के कारण बिना किसी तैयारी के लोग भाग लेते है।

डॉ. दानेश्वरी संभाकर, सहायक संचालक

# रींवा बिलासपुर एक्सप्रेस के विस्तार के लिये सांसदों की मांग को व्यापक जनसमर्थन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** मध्य प्रदेश के रीवां से बिलासपुर तक चलने वाली ट्रेन क्रमांक 18247ध्18248 एक्सप्रेस ट्रेन को रायपुर या दुर्ग तक विस्तारित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। उक्त मांग के समर्थन मे रीवां के सांसद जर्नादन मिश्रा छत्तीसगढ राज्य के दुर्ग के सांसद विजय बघेल एवं बिलासपुर से निर्वाचित सांसद व केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ साथ महासमुंद सांसद रूपकुमारी चैधरी ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर उपरोक्त ट्रेन को विस्तार करके चलाने की मांग की है चार सांसदो के प्रयास होने से लोगों को उम्मीद है कि रीवां बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार आने वाले समय मे दुर्ग या रायपुर तक हो सकेगा जिसके चलते दुर्ग, रायपुर व भाटापारा क्षेत्र के लोगों को एक बेहतर ट्रेन सुविधा का लाभ प्राप्त हो सकेगा। वर्तमान मे सैकड़ो लोगों को उक्त ट्रेन को पकड़ने के लिये बिलासपुर तक का सफ र तय करना पड़ रहा है और इसके लिये यात्री किसी दूसरे ट्रेन मे बैठकर बिलासपुर पहुंचकर उक्त ट्रेन मे बैठते है बताया जाता है कि ट्रेन क्रमांक 18248 रीवां बिलासपुर एक्सप्रेस जो कि रीवां से रात सवा दस बजे रवाना होती है और दूसरे दिन सुबह नौ बजकर बीस मिनट पर बिलासपुर पहुंचती है इसके बाद लगभग दस घंटे तक यह ट्रेन बिलासपुर मे हीं खडी रहती है और रात सात बजकर बीस मिनट को बिलासपुर से छूटकर दूसरे दिन सुबह पांच बजकर पचपन मिनट पर रीवां पहुंचती है वहां सोलह घंटे खडे रहने के बाद पुनरू वापस होती है इस लिहाज से उस ट्रेन के विस्तार करने मे रेल्वे को बिलास किसी अतिरिक्त व्यय के एक बडे क्षेत्र को रेल सुविधा का लाभ मिल सकता है उक्त ट्रेन के दुर्ग तक विस्तार किये जाने से हजारो की तादाद मे दुर्ग, भिलाई, रायपुर व भाटापारा नगर मे रहने वाले रीवां क्षेत्र के लोगों को सीधी ट्रेन सुविधा का लाभ प्राप्त हो सकेगा वहीं भाटापारा क्षेत्र के लोगों को कटनी, मैहर, सतना व रीवां जाने के लिये भी बेहतर ट्रेन सुविधा का लाभ मिलेगा। अतरू जनता के हित मे रीवां बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन को दुर्ग तक विस्तार कर चलाये जाने की मांग का क्षेत्रिय नागरिकों ने समर्थन करते हुये उक्त मांग को शीघ्र पूर्ण करने की अपेक्षा जाहिर की है।

## डीडब्ल्यूपीएस स्कूल के दो छात्र राज्य स्तरीय तैराकी में पहुंचे

**भाटापारा।** ब्लाक के गांव खम्हरिया मे स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र विनय ध्रुव व कुणाल शर्मा का चयन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिये हुआ है। उक्त दोनो छात्र जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा मे चयनित उक्त दोनो छात्र एक लंबे समय से तैराकी के क्षेत्र मे अभ्यास कर रहे थे व उक्त दोनो छात्रो को तैराकी का अच्छा अनुभव हासिल है। उक्त छात्रों के कुशल प्रशिक्षक गणेशु पाल ने अपने मार्गनिर्देशन मे तैराकी प्रतियोगिता के लिये पूरी तरह



पारंगत कर रखा है। उक्त दोनो छात्रो की जोड़ी भिलाई स्थित डीपीएस रिसाली मे 28 जुलाई तक होने वाली राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता मे हिस्सा ले रहे है। उक्त छात्रो के चयन पर स्कूल के प्राचार्य योगेश पोपट ने अपनी शुभकामनायें देते हुये सफ लता की कामना की है।

## कलेक्टर के निर्देश पर कृषि केन्द्रों की निरीक्षण व जांच

**भाटापारा।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषकों को गुणवत्ता युक्त एवं उचित दर पर खाद, बीज एवं कीटनाशक उलब्ध कराने के उद्देश्य से उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा विकासखण्डभाटापारा के कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें कृषि दुकानों द्वारा अनियमिता बरतने के चलते 7 दुकानों को नोटिस जारी किया गया है। नायक ने ग्राम देवरी के साहू कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया जिसमें प्रोप्राईटर अनुपस्थित पाये गये एवं विक्रय केन्द्र व्यवस्थित न होने के कारण, ग्राम तरेंगा के न्यू साहू कृषि केन्द्र में कालातीत बीज एवं कीटनाशक का नियमानुसार भण्डारण नहीं पाये जाने के कारण उन्हे नोटिस जारी किया गया। उप संचालक द्वारा कृषि केन्द्रों के संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि वे शासन के द्वारा



निर्धारित नियमों का पालन करते हुये कृषि केन्द्रों का संचालन करें तथा कृषकों को गुणवत्ता युक्त एवं उचित दर पर आदान सामग्री उपलब्ध करायें। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता बरती जाती है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। साथ ही कृषकों से भी अपील की गई है कि उनके द्वारा क्रय सामग्री का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

# भगवान की कथा वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग - राजेन्द्र शास्त्री

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** पांडे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन की कथा में आचार्य पं राजेंद्र शास्त्री महाराज द्वारा शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि नारद के कहने पर पार्वती ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भेलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती के हैं। हर जन्म में पार्वती विभिन्न रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं। कथा व्यास ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। कथा व्यास ने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है।

इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार नारद का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। साथ ही श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है यह अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करके जीव को परम पद प्राप्त कराता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाये हुये है। उन्होंने कहा कि कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मों से बढ़कर है।

## भाटापारा में महाकाल की पालकी यात्रा निकली



**भाटापारा।** सावन के दूसरे सोमवार को अवसर पर बडी संख्या मे श्रद्धालुओं ने आज शहर के अनेक शिवालयो मे पहुंचकर पूजा अर्चना की जिसके चलते अन्य दिनो की तुलना मे मंदिरो मे भारी भीड़ का माहौल बना रहा पालिका परिसर मे स्थित महाकाल मंदिर के श्रद्धालुओं ने उज्जैन के महाकाल पालकी यात्रा की तर्ज पर भाटापारा शहर मे भी महाकाल मंदिर से पालकी यात्रा निकाली जिसमे ढोल ताशें बाजे गाजे डमरू चिकारा मंजीरा की थाप पर परंपरागत धुन के साथ नृत्य करते बाबा महाकाल की यात्रा को नगर मे घुमाया जिसमे सैकडो भक्त उत्साह के साथ भाग लिया।

# भाटापारा शहरवासी आवारा मवेशियों के बाद अब कुत्तों से हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे इन दिनो जगह जगह सड़क पर आवारा कुत्तो के स्वच्छंद विचरण एवं उछल कूद के कारण लोग परेशान व भयभीत है नगर के तमाम मुख्य सड़क एवं गली मोहल्लों मे आवारा कुत्तों द्वारा सैकड़ो की संख्या मे उछल कूद करने तथा दौड़ा भागी करते हुये आतंक मचाने से लोग भयभीत है खासकर स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चो मे यह भय व्याप्त है कि सड़को पर व गलियो मे दौड़ रहे कुत्ते कब किसको काट दे यह पता नहीं भय व दहशत के माहौल मे स्कूली बच्चे अपने घर से विभिन्न एवं घर तक आ जा रहे है इस बीच एक लंबे समय से पालिका क्षेत्र मे आवारा कुत्तों के बधियाकरण एवं धर पकड़ अभियान नहीं चलाये जाने से तमाम वार्डो मे अप्रत्याशित रूप से सैकड़ो की संख्या मे छोटे बडे आवारा कुत्ते विचरण कर रहे है जो गली से लेकर मुख्य सड़क तक खौफ नाक अंदाज मे दौड़ रहे है जिसके कारण अनेक लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है कुछ एक वार्डो मे कुत्ता काटने की शिकायतें भी लगातार मिल रहीं है जिससे लोगों मे भय व्याप्त है

इसके पहले शहर के प्रमुख सड़क व गलियो मे आवारा पशुओं का जमावड़ा एवं सांड लड़ाई से अनेक लोग चोटिल हो चुके है इस दिशा मे भी पालिका प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है वर्तमान मे ग्रामीण क्षेत्रो मे अधिकांश खेतों की बोआई हो जाने के बाद रोका छेका अभियान के तहत सुरक्षा घेरा लगाये जाने के बाद से तमाम गाय, भैंस, बैल, सांड चारागाह के अभाव मे सड़को पर विचरण कर रहे है। तमाम प्रमुख मार्गो के साथ साथ चैक चैराहे पर खुलेआम जानवर या तो लड़ाई लड़ रहे है या फि र चारो पैर पसार कर सड़क पर हीं बैठ गये है जिसके कारण यातायात बाधित हो रहा है वहीं सड़क पर हीं गोबर का फै लाव होने से गंदगी फै ल रहा है। पालिका प्रशासन के पास काउ कैचर गाड़ी होने के बावजूद आवारा मवेशियों व कुत्तों को पकड़ने की दिशा मे कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से आम नागरिक के साथ साथ स्कूली बच्चे भी परेशान है। लोगों ने शहर की सड़को से आवारा कुत्तो व मवेशियों को हटाने की दिशा मे शीघ्र कार्यवाही प्रारंभ करने की पुनरू मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

# भगवान धन नहीं प्रेम चाहतें है - आचार्य प्रमोद शास्त्री

**थानखम्हरया।** समीपस्थ ग्राम गुवारा में आयोजित श्री मद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में मानव कल्याण आश्रम श्री करपात्री जी गौशाला के संस्थापक आचार्य पंडित प्रमोद शास्त्री मानस केशरी प्रवचन माला के चतुर्थ पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि ईश्वर समदर्शी है जैसे सूर्य नारायण दुष्ट,संत,सज्जन दुर्जन का भेद नहीं रखते हुए सभी को प्रकाशित करतें है उसी प्रकार ईश्वर सबपर बराबर कृपा करते है कभी कभी लीलाओं में विषमता दिखाई देती है जैसे वृत्तासुर भगवान का भक्त था उसे क्यों मारा? उसे मारा नहीं अपितु मुक्ति दी । सप्तम स्कंध की व्याख्या करते हुए शास्त्री जी ने कहा कि सभी में ,ईश्वर का प्रतिक्षण दर्शन करना यह प्रहलाद की भक्ति है ,हिरण्यकश्यपु की शक्ति तपस्या से बढ़ी है परंतु उसका दुरुपयोग वह केवल भोग विलास में तथा दूसरों को सताने में करता है प्रहलाद ने शक्ति का प्रयोग भक्ति हेतु किया इसलिए भक्त शिरोमणि कहलाए उनके द्वारा खंभे से भगवान प्रकट करवा देना उनकी भक्ति की शक्ति है शास्त्री जी ने ग्राह और गज की कथा,वामन अवतार की कथा कहते हुए कहा कि भगवान की भक्ति करने का सबको अधिकार है तभी तो गजराज भी उनकी भक्ति किए राजा बलि राक्षस होकर भी ईश्वर की भक्ति किए इसलिए आज साक्षात ईश्वर उनके द्वारपाल रूप में खड़े रहते है यही भागवत भक्ति की अनुपम महिमा है कल कथा में श्रीरामचंद्र तथा श्री कृष्ण के मार्मिक कथाओं का वर्णन रहेगा।



# टोपा स्कूल में एक लंबे समय से एक शिक्षक नदारद, ग्रामीणों में रोष




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ब्लाक के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम टोपा मे कार्यरत सहायक शिक्षक एलबी मुकेश साहू के एक लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर क्रांति सेना के भूपेन्द्र सेन सहित ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुये कहा है कि उक्त शिक्षक बिना किसी सूचना के साल मे लंबे समय तक के लिये अनुपस्थित हो जाता है जिससे छात्र-छात्राओं को पढाई लिखाई मे बाधा उत्पन्न हो रहीं है बार बार की शिकायत के बावजूद शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी इस दिशा मे ध्यान नहीं दे रहे है फ लस्वरूप ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं के पालको मे रोष व्याप्त है। क्रांति सेना के भूपेन्द्र सेन ने शासकीय प्राथमिक शाला टोपा की व्यवस्था मे शीघ्र सुधार करने की पुनरू मांग करते हुये शिक्षा अधिकारियों से व्यवस्था सुधारने, ध्यान देने की गुहार लगाई है।

# बरसात के बावजूद भाटापारा मंडी में बेहतर आवक



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे पुरानी व बडी कृषि उपज मंडी मे बारिश के बावजूद अनवरत धान की आवक जारी है भाटापारा बिलासपुर मार्ग बंद होने के बावजूद विभिन्न जिलो के दूरस्थ गांव से अनेक छोटे बडे वाहन जिसमे माजदा, ट्रक, मेटाडोर, छोटा हाथी, डीआई, पिकअप सहित ट्रेक्टर मे बरसाती झिल्ली व कव्हर लगाकर किसान धान बेचने बडी तादाद मे पहुंचे बुधवार को मंडी प्रांगण मे उम्मीद के विपरीत 15 हजार से अधिक बोरे धान की आवक हुई जिसमे ज्यादातर धान महामाया, दुबराज, श्रीराम, मोटा मिक्स, सरना, एचएमटी सहित अन्य किस्म के धान थे। किसानो ने प्रांगण मे अच्छी कीमत पर धान का विक्रय किया। मंडी प्रांगण मे चांपा जांजगीर, कबीरधाम, बेमेतरा, मुंगेली, महासमुंद, रायपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही व सारंगढ-बिलाईगढ जिलो सहित अन्य जिलो के दूर दराज गांव से किसान अपनी उपज बेचने भीगते हुये पानी मे आये थे जहां उन्हे पर्याप्त दाम प्राप्त हुआ। मंडी प्रांगण मे धान के अलावा उन्हारी की कुछ उपज का भी विक्रय अच्छी कीमत पर हुआ कुल मिलाकर भाटापारा कृषि उपज मंडी बारहमासी मंडी के रूप मे विख्यात है जहां भरपूर आवक का क्रम बना हुआ है। धान की भरपूर आवक से क्षेत्र की तमाम पोहा व राईस मिल को पर्याप्त धान मिल रहा है फ लस्वरूप मिलर्स बंपर स्टाक धान का अपने गोदाम व परिसर मे रख रहे है ताकि उनका प्रोडक्शन अनवरत चलता रहे। इन दिनो झारखंड राज्य के बैजनाथ धाम मे विशाल सावन का मेला चल रहा है जिसके चलते बडी तादाद मे भाटापारा का पोहा झारखंड एवं बिहार की ओर जा रहा है वहीं महाराष्ट्र एवं कर्नाटक मे भी बडी खेप भाटापारा से पोहा भरके बडे वाहन निकल रहे है।

# शिवरतन की अनुशंसा पर 114.37 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से लगातार क्षेत्र में भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर के लिए 15 वे वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत 114.37 लाख की स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत गांधी मंदिर वार्ड क्रमांक 10 में 57 लाख 70 हजार रुपये की लागत से एफ सी आई गोडाऊन से नारायणी नवल धाम मंदिर के पास मुख्य नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य एवं लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 25 में 56 लाख 67 हजार रूपये की लागत से चर्च से लेकर रेल्वे क्रासिंग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया पुर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। उक्त निर्माण कार्यों से वार्ड रहवासियों को बारिश के दिनों में हो रही जल भराव की संकट से निजात मिलेगा। विदित हो कि भाजपा की सरकार बनने के 07 माह में ही शिवरतन शर्मा की सक्रियता से करोड़ो के विकास कार्यों की



स्वीकृती लागतार क्षेत्र को प्राप्त हो रहा है।

जिसमे मोपका महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य, व्यवहार न्यायालय सिमगा-भाटापारा में भवन निर्माण कार्य, शिवनाथ नदी के सेमरिया घाट पर सेमरिया अमलीडीह मार्ग निर्माण कार्य, रेल्वे स्टेशन अंतर्गत एल सी नम्बर 385 गेट रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य, खोखली-धौराभाठा गेट पर रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य, सिमगा विकासखंड के अड़बंधा से करहुल मार्ग 2 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य,अड़बंधा से चंदिया पथरा मार्ग पर 2 किलोमीटर सड़क निर्माण, मर्राकोना से संजारी नवागांव मार्ग पर 2.50 किलोमीटर सड़क निर्माण, भाटापारा-सेमरिया-चंदखुरी मार्ग पर सड़क डामरीकरण कार्य, कोलिहा रोहरा पुल पुलिया सहित 3 किलोमीटर मार्ग निर्माण कार्य, भाटापारा के कोसमंदा-बेन्द्री-खैरी-बोरसी 3.80 किलोमीटर पुल पुलिया सड़क मार्ग निर्माण कार्य, दतरेंगा से बिजराडीह 6.20 किलोमीटर सड़क पुल पुलिया सहित मार्ग निर्माण कार्य, पौसरी 2.50 किलोमीटर सड़क पुल पुलिया निर्माण कार्य जैसे करोड़ो रुपयों की राज्य सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृति प्राप्त कर ली की गई है।

उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव सहित पूरे सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं मे भी सभी हो रहे विकास कार्यों की स्वीकृति से प्रसन्नता है, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, मोहन बांधे, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, राजा कामनानी, मनिंदर गुम्बर, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन व कुंजराम कोशले सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की सक्रियता और क्षेत्र के प्रति उनकी विकास परक सोच के प्रति उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# नारायण व शत्रुघन हुये सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय पंचम यादव दीवान कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मे सेवारत व्याख्याता नारायण निर्मलकर एवं शत्रुघन वर्मा को उनकी सेवानिवृत्ति पर भावपूर्ण बिदाई दी गई। उक्त अवसर पर स्कूल मे आयोजित एक कार्यक्रम मे उनके द्वारा दिये गये स्कूल शिक्षा के प्रति योगदान को याद करते हुये उन्हे सम्मान के साथ स्कूल



स्टाफ के साथ साथ छात्राओं द्वारा बिदाई दी गई। उपरोक्त मौके पर प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव, नरेन्द्र वर्मा, गजानंद सलोटे, सोमेश सिन्हा, मनीष देवांगन, रेवाराम यदु, एस के यादव, जेआर ध्रुव, सूरज जैन, संजय गुप्ता, संजय दीक्षित, खुशबू ठाकुर सहित सेवानिवृत्त हुये व्याख्याता के परिवार वाले व अनेक व्याख्याता शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीराम लला के दर्शन के लिये श्रद्धालु गये अयोध्या



**भाटापारा।** जनपद पंचायत प्रांगण में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश साहू ने राम लला के दर्शन के लिये जा रहे श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी यात्रियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और उनके सफल एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। यह कार्यक्रम राम लला दर्शन योजना के तहत छ.ग. सरकार ने आयोजित किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्या में स्थित राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के लिये भेजा गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सत्यव्रत तिवारी, पंचायत इंस्पेक्टर वर्मा, करारोपण अधिकारी शर्मा एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### भाटापारा से 97 यात्री अयोध्या के लिये रवाना

**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य के दुर्ग रेल्वे जंक्शन से श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या तक स्पेशल ट्रेन का भाटापारा पहुंचने पर लोगों ने स्वागत किया। लगभग 97 यात्रियों का दल भाटापारा स्टेशन से उक्त ट्रेन मे सवार होकर काशी बनारस व अयोध्या के लिये रवाना हुये उक्त अवसर पर स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों को विदाई देने बडी तादाद मे अन्य लोग उपस्थित थे। उपरोक्त मौके पर स्टेशन प्रबंधक अजय यादव, आरएस शुक्ला, राजेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

**भाटापारा।** कारगिल विजय दिवस पर जय स्तंभ चैक के समीप स्थित भारत माता प्रतिमा स्थल पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। उक्त अवसर पर सतीश अग्रवाल, लुकु साहू, केदार जायसवाल, अजय साहू, पूर्व सैनिक नारायण साहू, नीरा साहू, आयशा खान, रघुनाथ प्रसाद पटेल, भंवर सिंग साहू, मोहनलाल वर्मा, मनीराम साहू, परेटन लाल साहू, रमेश वर्मा, अशोक पंत, आरके वर्मा, कमलनारायण यदु, दिलीप सिंग बिसेन, उमाशंकर जायसवाल, अजय सेन, सुनील तिवारी, एसके अग्रवाल, टीपी बघमार सहित सैकड़ो अन्य लोग उपस्थित थे।

# मटिया मार्ग ध्वस्त, इन्द्र साव ने अविलंब निर्माण के निर्देश दिये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चार दिवस तक हुई झमाझम बारिश के बाद अनेक गांव को जोड़ने वाली प्रमुख सड़के जहां ध्वस्त हो गई वही कई सड़को पर बड़े बड़े गड्डे निकल आए, जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा मिलने पर विधायक इंद्र साव ने तत्काल अधिकारियों को सड़को को ठीक और दुरस्त करने का निर्देश दिया है। शहर और ग्रामीण अंचलों में पिछले सप्ताह लगातार हुई अनवरत मूसलाधार



बारिश ने पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया जिसके चलते अनेक घरों में बारिश का पानी भरने की शिकायत भी खूब मिली। वही बारिश का पानी सड़को पर बहने,भरे रहने के कारण पानी ने सड़को के निर्माण की गुणवत्ता को उजागर कर दिया। बारिश थमने के बाद अनेक गांव की सड़को की हालत इतनी ज्यादा खराब हो गई है कि अगर कोई कोई गंभीर मामला सामने आ जाए तो उस गांव तक चार पहिया वाहनों को पहुंच पाना बड़ा कठिनाई जनक होगा। ग्राम सेमरिया ब से मटिया जाने वाले मार्ग की जर्जर हालत की शिकायत क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा विधायक इंद्र साव के पास पहुंचते ही विधायक इंद्र साव ने मामले की नजाकत और भविष्य में गांव में आवाजाही को ध्यान में रखते हुये उक्त गांव की सड़क को तत्काल मरम्मत करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। विधायक इंद्र साव ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण अनेक गांव की सड़को की बहुत दयनीय हालत है जिसका शीघ्र मरम्मत किया जाना निहायत जरूरी है।



### यातायात व्यवस्था में सुधार की दरकार

# पर्याप्त ट्रेफिक बल तैनाती की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश के सातवें नंबर के सबसे बडे नगर भाटापारा की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किये जाने की दरकार है इसके लिये जिला पुलिस प्रशासन को संयुक्त बैठक कर यातायात समस्या का निराकरण करने की दिशा मे ठोस कदम उठाने के प्रति ध्यान देना चाहिये वर्तमान मे अति व्यस्त चैक चैराहे पर पूर्व मे तैनात ट्रेफि क बल के पूरी तरह अनुपस्थित रहने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड गई है जिससे आये दिन छोटी छोटी दुर्घटनायें हो रहीं है वहीं सन 2024 मे अनेक बडी दुर्घटनायें भी हो चुकी है उसको मद्देनजर रखते हुये शहर की यातायात व्यवस्था मे सुधार जरूरी हो गया है। कांग्रेस भवन के सामने स्थित फ ौव्वारा चैक, सदर बाजार, गोविंद चैक, ट्रेजरी तिराहा महारानी चैक, कृषि उपज मंडी सुलभ शौचालय के सामने तिराहा, बस स्टैड चैक, बाईपास मार्ग, सुहेला चैक, तरेंगा नाका तिराहा सहित अन्य स्थानो पर पर्याप्त ट्रेफि क पुलिस बल की तैनाती जरूरी हो गया है वहीं बंद पडे ट्रेफि क सिग्नल को प्रारंभ किये जाने की भी नितांत आवश्यकता है ताकि लोग ट्रेफि क नियमो का कड़ाई से पालन कर सके। वहीं शहर के तमाम मार्गो पर सड़क के किनारे रखे जाने वाले सामान, विज्ञापन बोर्ड, दुकान के बोर्ड एवं अवैध पार्किंग करने वालो के विरूद्ध भी सघन रूप से अभियान चलाकर ऐसी व्यवस्था की जाये कि सड़क यातायात बाधित न हो वर्तमान मे बस स्टैड चैक से लेकर सचदेव सायकल स्टोर होते हुये महासती मंदिर मार्ग, पंचायती मंदिर मार्ग, सदर बाजार होकर शहर पुलिस थाना तक लगभग 40 फ ीट की सड़क पर लगभग दोनो साईड से 20 फ ीट सड़क पर दुकानदारों द्वारा सामान व बोर्ड रखे जाने से सन 1935 मे नगर पालिका द्वारा बनाई गई 40 फ ीट चैडी सड़क महज 20 फ ीट तक सिमटकर रह गई है जिससे यातायात मे व्यवधान लगातार उत्पन्न हो रहा है जिससे आम नागरिकों के साथ साथ स्कूल छात्र-छात्रायें कालेज स्टूडेंट व बस एवं रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले तमाम यात्री ट्रेफि क जाम मे फं सकर लगातार परेशान हो रहे है जनहित मे शहर की यातायात को व्यवस्थित करने पर्याप्त ट्रेफि क पुलिस बल तैनात किये जाने की जरूरत है वहीं 24 घंटे भारी वाहन जो शहर के भीतरी हिस्सों मे प्रवेश कर रहे है उन्हे पूर्व की तरह रोके जाने की दरकार है इसके लिये सचदेव सायकल स्टोर्स के पास ट्रेफि क बल नियुक्त कर तमाम चैपहिया वाहनो को शहर की ओर प्रवेश से रोका जाये एवं एक निर्धारित अवधि के बाद हीं इन्हे आवाजाही की छूट दी जाये ताकि अनावश्यक रूप से शहर के भीतर ट्रेफि क जाम की स्थिति निर्मित न हो वर्तमान मे जय स्तंभ चैक से लेकर ईतवारी राम यादव शासकीय स्कूल तक के मुख्य मार्ग मे फि र से भारी वाहनो का जमावड़ा व गैरेज लाईन स्थापित हो रहा है इन्हे भी पूर्व की भांति आबादी बाहुल्य क्षेत्र से बाहर रेल्वे ओव्हरब्रिज के नीचे की ओर स्थानांतरित किये जाने की जरूरत है इस दिशा मे एक संयुक्त बैठक प्रशासन आहूत करें व आम सहमति से यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारी ठोस एवं निर्णायक पहल करें।

## भाटापारा नारायणपुर मार्ग होते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग बनाये जाने की जरूरत



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे यातायात के भारी दबाव को देखते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग बिलासपुर रायपुर के पास मुख्य मार्ग पर स्थित नारायणपुर से भाटापारा मार्ग जिसकी लंबाई लगभग 12 किलोमीटर है उसको राष्ट्रीय राजमार्ग की तरह चैडीकरण करते हुये देवरी गांव के पास से दतरेंगी होकर बाईपास मार्ग बना दिये जाने से काफ ी हद तक यातायात समस्या का निराकरण हो सकता है इस दिशा मे ठोस राजनीतिक पहल मंत्रालय स्तर पर किये जाने की जरूरत है वर्तमान मे खरोरा सुहेला बलौदाबाजार की तरफ से नांदघाट की ओर जाने के लिये बाईपास मार्ग की सुविधा उपलब्ध है लेकिन बिलासपुर कोरबा की ओर से भाटापारा शहर की ओर आने जाने वाली तमाम वाहनों के अलावा हैवी वाहन कैप्शूल वाहन शहर के भीतर से कालेज मार्ग होते हुये आ जा रहे है जिससे आये दिन ट्रेफि क जाम के साथ साथ लगातार वाहन दुर्घटना का मामला बढते जा रहा है बेहतर यातायात व्यवस्था के लिये अब जरूरी हो गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग बिलासपुर रायपुर को जोड़ने वाली संगम तिराहा नारायणपुर से भाटापारा बाईपास मार्ग का निर्माण कर उसे बलौदाबाजार की ओर प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ दिया जाये जिससे की दोनो राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच यातायात का बेहतर संतुलन व तालमेल कायम हो सकेगा। केन्द्रीय योजना के तहत केन्द्रीय सरकार द्वारा अनेक छोटे छोटे मार्गो को उन्नयन कर राजमार्ग बनाया जा रहा है ऐसे हालत मे भाटापारा नारायणपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की दिशा मे ठोस कार्यवाही करते हुये ध्यान देना चाहिये साथ हीं सेमरिया घाट पुल पर राष्ट्रीय राजमार्ग के मापदंण्ड के अनुरूप उच्च स्तरीय पुल का भी निर्माण भी जरूरी हो गया है वर्तमान मे तमाम औद्योगिक संयंत्र से लगभग पांच हजार छोटी बडी गाडियां व कैप्शूल वाहन भाटापारा रेल्वे ओव्हर ब्रिज होकर कालेज मार्ग से आवाजाही कर रहीं है जिससे कि आये दिन ट्रेफि क जाम व लोगों पर दुर्घटना के बादल मंडराते रहते है जनहित मे बाईपास मार्ग का निर्माण करते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग से भाटापारा नारायणपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग की तरह हीं बनाने की नितांत आवश्यकता है।

## गुरू पूर्णिमा पर जगह जगह विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये

**भाटापारा।** शहर सीमा के अंतर्गत टेंहका रोड मे स्थित कामधेनु गौशाला मे गुरू पूर्णिमा पर्व पर पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे बडी संख्या मे प्रबुद्ध नागरिको ने भाग लिया। वहीं गौशाला परिसर मे प्रसादी का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कामधेनु गौशाला मे स्व.दुर्गा मनोरथी की स्मृति मे भी पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया। इसी प्रकार गायत्री मंदिर प्रांगण मे भी गुरू पूर्णिमा पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये वहीं रामसखाह मंडप मे गुरू पूर्णिमा के मौके पर आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री के सानिध्य एवं मार्गदर्शन मे गुरू पूजन आराधना भजन सत्संग एवं सभा का दिव्य प्रवचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर अनिल चांडक, सत्यनारायण जोशी, नरेश चैबे, नरेश शर्मा, रवि गुप्ता, दीपक माल, कमलेश सोनी, अशोक तिवारी, संदर्भ शर्मा, जामवंत, दीपक राय, रवि शंकर तिवारी, बलराम तिवारी, केशव पांडे, अभिषेक तिवारी, द्वारिका पांडे, ध्रुव प्रसाद तिवारी, मनीष तिवारी, चेतन साहू, मीना वर्मा, महेशिया यादव, अलका यादव, सरिता शर्मा, अंश शर्मा, मोहन केशरवानी एवं मोहनलाल साहू उपस्थित थे। उक्त आयोजन मे धर्मपीठ परिषद आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी व अन्य धर्मप्रेमी लोग बडी संख्या मे शामिल हुये।



## हाई कोर्ट के निर्णय के बाद हजारों की जमापूंजी दांव पर लगी

# आशियाने पर अवैध होने की तलवार लटकी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू







**भाटापारा।** कई वर्षो से जारी हाई प्रोफ ईल मामले मे माननीय उच्च न्यायालय ने राजस्व मंडल के दिये निर्णय को यथावत रखा है। मामला दानवीर दाउ कल्याण सिंग की पत्नि सरजावती व जनकनंदनी की भूमि से जुडा है। वर्ष 1922 मे राजस्व मंडल ने जो निर्णय दिया था उसे उच्च न्यायालय ने यथावत रखा है मामले की संक्षिप्त जानकारी अनुसार क्षेत्र के दाउ व माल गुजार स्व. राय बहादूर दाउ कल्याण सिंग का निधन 1959 मे हुआ वहीं उनकी पत्नि जनकनंदनी व सरजावती का निधन 1977 मे हुआ दाउ की पत्नि सरजावती व जनकनंदनी की कोई संतान नहीं है किन्तु तत्कालिन समय मे स्व.राममूर्ति अग्रवाल द्वारा एक वसीयतनामा की छायाप्रति के आधार पर सरजावती एवं जनकनंदनी का वारिस मे अपना नाम दर्ज करा लिया जिसके आधार पर उन जमीनो का क्रय विक्रय किया जाने लगा वर्ष 1984 के आस पास राममूर्ति अग्रवाल के सुपुत्र अनूप कुमार वगैरह का नाम उनके निधन उपरांत राजस्व रिकार्ड मे दर्ज कर लिया गया इसके बाद भाटापारा क्षेत्र मे जिसमे शहर शामिल है काफ ी जमीनो को टुकडो टुकडो मे आवासीय प्रयोजन हेतु विक्रय किया जाने लगा 1985 मे तहसीलदार न्यायालय मे एक वाद प्रस्तुत किया गया और स्व.राममूर्ति अग्रवाल के वसीयतनामा को अवैध करार देते हुये सरजावती व जनकनंदनी के भूमियों को शासन मे निहित करने की मांग की गई जिसके आधार पर तहसीलदार ने उक्त वसीयतनामा को अमान्य करते हुये शासन मे निहित करने आदेश पारित कर दिया उसके बाद कई न्यायालयों मे यह प्रकरण चलता रहा और राजस्व मंडल ने 2022 मे उक्त प्रकरण मे यह निर्णय दिया कि सरजावती व जनकनंदनी के समस्त जमीनो मे स्व.राममूर्ति अग्रवाल द्वारा कोई वैध वसीयतनामा प्रस्तुत नहीं किया है और वसीयतनामा के आधार पर अपने जीवित काल मे उन्हे उत्तराधिकार भी नहीं मिला है और जब वसीयतनामा हीं वैध नहीं है तो उनके संतान उसके वारिस नही हो सकते अतरू सरजावती व जनकनंदनी के समस्त भू-भूमियों को शासन मे निहित किया जाये शासन मे निहित करने का आदेश पारित किया गया पश्चात अनूप कुमार वगैरह ने हाई कोर्ट पर इस पर एक वाद प्रस्तुत किया और राजस्व मंडल के निर्णय को अमान्य करने का निवेदन किया किन्तु माननीय उच्च न्यायालय ने 23-07-2024 को यह निर्णय सभी पक्षों को सुनकर दिया कि राजस्व मंडल का निर्णय सहीं है और उसे यथावत रखा जाता है इस निर्णय के बाद शहर मे हड़कंप की स्थिति है क्योकि इतने वर्षो मे अनूप कुमार वगैरह द्वारा काफ ी संख्या मे आवासीय भूमि के रूप मे भू-खंण्ड बेचा गया है और लोगों ने उसमे मकान बनाकर बरसो से रह रहे है कई मकान मालिको ने उस पर लोन ले रखा है इस निर्णय के बाद अब वो समस्त भूमि छत्तीसगढ शासन के रूप मे बी-1 पांच साला मे दर्शित होगा और जिन लोगों ने अपनी जमा पूंजी लगा रखी है आज वह सड़क पर आने के कगार पर है इस संबंध मे राज्य सरकार को कोई निर्णय लेकर उन समस्त पीडित भू-खंण्ड स्वामियो के समस्या निराकरण के साथ साथ जिनके द्वारा यह भू-खंण्ड बेचा गया है उनके खिलाफ भी कोई सख्त निर्णय लेते हुये उन भू-स्वामियो को राहत दिलाने कदम उठाये जाने की जरूरत है इस संदर्भ मे एसडीएम नीतिन तिवारी ने बताया कि राजस्व मंडल के निर्णय के बाद लगभग खरीदी बिक्री को बंद कर दिया गया है उक्त जमीनो की नामांतरण नहीं हो रहीं है और सरजावती व जनकनंदनी के सभी भूमियों को छत्तीसगढ शासन मे इंन्द्राज किये जाने का निर्देश दिया गया है।

# भाटापारा में विभिन्न होटल व ढाबा में खाद्य व औषधि प्रशासन की दबिश



**20 किलोग्राम अमानक मिठाई व अन्य पदार्थ नष्ट कराये गये**

**भाटापारा।** जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के नेतृत्व मे भाटापारा शहर के लगभग 10 होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानो मे छापामार कार्यवाही करते हुये सभी होटल व प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से सात होटलो मे अनहाईजनिक कीचन एवं खाद्य पदार्थो को ढंकने के पर्याप्त उपाय नहीं किये जाने पर होटल संचालको को नोटिस जारी किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वर्मा ने बताया कि भाटापारा के निपनिया रोड स्थित मानिकपुरी होटल, यादव होटल, छोटू साहू होटल तथा मंडी रोड बस स्टैड के पास स्थित शिफ ा बिरयानी, लक्ष्मीनारायण निषाद बिरयानी, चाचा बिरयानी, धीवर होटल, आनंद ढाबा को नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण दल ने बस स्टैड स्थित बब्बू स्वीटस से विधिक नमूना भी लिया जिसे जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण दल द्वारा अमानक पाये गये बालूशाही, यूज खाद्य तेल, बरफ ी, केक कुल लगभग 20 किलोग्राम को नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही से शहर के अन्य होटल संचालको के बीच हडकंप मच गया है।

# मस्ताना सावन आ गया...

माहों में माह
सबसे प्यारा
सावन मास,
सब प्रतीक्षा
करते हैं!
सावन में जैसे
हरियाली
अच्छी लगती है...
सावन का गीत
मंदिरों में गूँजता है,
पान ठेले पर
गीत बजते हैं,
तो कहीं
ऑटो रिक्शा में
भी सावन गीत चलता हैं!
सुबह-शाम
घर पर हमारे
भोलेबाबा का गीत
टीवी पर भी चलता है!
हम सभी भोलेबाबा
का सोमवार
पूजते हैं ।
इस माह
बेलपत्र की मांग
बढ़ जाती है!
हरियाली अमावस के बाद
तीज का त्योहार
आता है,
मेंहदी रचे हाथों में
हरी-हरी ,बांह-भरी
चूड़ियाँ पहनकर
महिलाएँ
सोलह श्रृंगार करके
माँ गौरा को
प्रसन्न करती हैं!
पूर्णिमा को
रक्षाबंधन मनाते हैं ...
भाई-भाभी
भतीजा- भतीजी
के लिए
खुशियाँ मांगते हैं!
कुंवारियाँ
मनभावन वर
की इच्छा रखतीं हैं...
और मुझे
माँ के हाथों भेजे
घेवर की प्रतीक्षा
आज भी रहती हैं।
घेवर तो आ जाता है
पर
माँ के न रहने पर
मिठास कम हो जाती है।



वंदनागोपाल शर्मा 'शैली'
भाटापारा छत्तीसगढ़

## अनीता झा की रचनायें

### सावन

सावन बरसे बरखा रानी
रुत है सूँहानी कारी बदरिया

झूम झूम कर नाचें गाए
ताल तरैया झिरियाँ नदियाँ
गीत सुनाऐं संगी सहेलियों
घिर घिर आये काली बदरिया

सावन बरसे बरखा रानी
रिम झिम बरसे पानी की बुंदियाँ
मेड़ मढ़ियाँ गाँव की गलियाँ
घिर घिर आये काली बदरिया

झूमें अंबर झूमें धरती
झूला झुलावें संग सहेलियाँ
गीत सुनाएँ हमरे साँवरिया
झूम झूम कर आये बदरिया

रिम झिम बरसे वर्षा रानी
टर टर करते दादुर मेघ
छम छम करती पैंजनियाँ
झूम झूम कर गाएँ सहेलियाँ

झूम झूम कर आएँ बदरिया
सावन में है भरी गगरियाँ
रुत है सुहानी कारी बदरिया
झूम झूम कर आएँ बदरिया

सावन बरसे बरखा रानी
रुत है सूँहानी कारी बदरिया

### हरियाली -जीवन

हरियाली से जीवन बहार लाइए ।
घर मधुबन वाणी से सुंदर बनाइए ।

हरियाली मधुबन से घर सजाइए !
साधन संपन्न समृद्ध किसान बनाईये !

घर ममता मधुबन उदगार सजाइये
हरियाली सुखसागर से जीवन सवाँरिए ।

लगी है चोट दिलो में तो हरियाली अमृतरस
पान पिलाइये
शहद वाणी में घोल घर मधुबन सजाइये !

बहते प्रदूषण ज़ख्मों को हवा ना दीजियें
मलहम लेप लगा दिलों में बस जाइये

झूँठे वादे आशिक़ी को हवा ना दीजिए
सावन जुगनुओं संग गीत सजाइये

जीवन हरियाली साथी संग बिताइये
दामन खुशियाँ से थाम साथ निभाइये

भक्ति साधना सच का साथ दीजिए
तीज त्योहारों में मधुर रिश्ते निभाइये

साथ सखियों संग हरियाली लाइये
फूल मुस्कानों में जीवन गुज़ारिए



अनिता शरद झा रायपुर

# पुलिया टूटने पर ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग पर जताई नाराजगी



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। ग्राम कांपा से ढेकापुर जाने के लिए रोड बना है। वह 1 वर्ष के अंदर बरसात में ही रोड बनाने वाले ठेकेदार इंजीनियर की पोल खोल दी इस प्रकार दो-तीन जगह पर रोड धंस गई है। अधिकांश जगहों पर क्रेक हो गया है। तथा पुल के पास भी क्षतिग्रस्त हो गया है, कभी भी पुलिया टूटकर गिर सकती है। और बहुत बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है।



ठेकेदार द्वारा मरम्मत नहीं किया जा रहा है। पुलिया टूटने पर ग्रामीणों द्वारा लोक निर्माण विभाग पर रोस प्रकट किया है। ग्रामीणों ने कहा है, निर्माण कार्य में कितनी गुणवत्ता है। जो पहली बारिश में पुल टूट गया कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। विभाग को इस रोड पुलिया को बने मात्र साल भर हुए हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनाया गया है। जिसका 5 सालों तक देखभाल करने की प्रावधान है। लेकिन सड़क पुलिया के टूटने के बाद कोई भी देखने नहीं आया।

**पहली बारिश में पुल टूट गया कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है**

इस रोड में आसपास के सैकड़ो बच्चे खम्हरिया स्कूल पढ़ने जाते हैं। संबंधित विभाग को प्रेस के माध्यम से अवगत कराते हुए। पुलिया सड़क को सुधारने की मांग की है। ग्राम कांपा के परशुराम वर्मा , रमेश वर्मा, रमाकांत वर्मा, भूपेंद्र सिंह, रामस्वरूप पटेल, पीलू राम ,रोहित वर्मा, जितेंद्र वर्मा ,तेजू वर्मा ,ने शीघ्र सड़क को सुधारने की मांग की है।

> “ प्राकृतिक आपदा से लड़ने की क्षमता किसी मे नही हैं, पानी का दबाव बड़े बड़े बांध तोड़ देते हैं यह सामान्य मार्ग हैं। हमे प्रतिनिधि से सुचना मिली है कल जायजा लेकर जल्द ही मरम्मत करेंगे जिससे लोगों को परेशानी ना हो।
>
> -एन के मारकण्डे, ठेकादार

> “ काम मे लापरवाही हुई हैं, राशि अधिक लगा है फिर भी बहुत जल्द पुलिया टुट जाना और सड़क का क्रैक हो जाना विभाग की विफलता है।जल्द ही लोक हित पर कार्य करें।
>
> -तोषू राम वर्मा भाजपा नेता

# शिविर में 37 आवेदन प्राप्त

## पुराना तहसील कार्यालय वार्ड क्रमांक 5 व 6 में लगा जन समस्या निवारण शिविर




**थानखम्हरिया।** नगर पालिका अधिकारी विकास नारायण सिंह ठाकुर ने देशबंधु प्रतिनिधि को बताया, जन समस्या निवारण शिविर लगाने का उद्देश्य शहर के वार्ड के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अलग-अलग विभागों द्वारा समस्याओं को सूचीबद्ध किया जा रहा है। जिसका निराकरण शीघ्र किया जाएगा। स्थान पुराना तहसील कार्यालय में वार्ड क्रमांक 5 , 6 के निवासियों ने आवेदन जमा किया। अधिकारियों द्वारा इसका निराकरण का पहल भी किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 5 पार्षद श्रीमती रीना लोकनाथ सिन्हा ने स्टाप डेम को ऊंचा करने , सब्जी मार्केट को हटाने नगर में मीठा पानी हेतु सीसी रोड की मांग रखी है। आदर्श जोशी द्वारा व्यावसायिक परिसर में अवैध कब्जा धारियों अवैध विद्युत कनेक्शन को काटने व मीठा पानी हेतु आवेदन दिया गया। पूर्व पार्षद टीकम अग्रवाल के द्वारा सांस्कृतिक भवन मरम्मत करने हेतु पूर्व पार्षद डॉ गोविंद शर्मा मार्केट को व्यवस्थित करने हेतु आवेदन दिया गया। सतीश केडिया द्वारा मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने श्री रामसनेही नामदेव द्वारा बंद पड़े वाटर एटीएम को चालू करवाने व श्रीमती सोनिया जोशी पार्षद द्वारा पार्षद निधि कार्यों को जल्द कराने हेतु आवेदन दिया गया। बाबूलाल लाल पाटिल द्वारा भूमि पट्टा प्रदान करने हेतु आवेदन दिया गया। कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए। सुबह से बारिश होने के कारण वार्ड वासी जहां दोनों वार्ड को मिलाकर एक हजार से बारह सौ मतदाता रहते हैं वहां मात्र 37 आवेदन पहुंचे। जन समस्या निवारण में प्रमुख रूप से तहसीलदार प्रकाश यादव, विकास नारायण ठाकुर ,पार्षद श्रीमती रीना लोकनाथ सिन्हा, देशबंधु प्रतिनिधि अनिल सिंघानिया, राजाराम नेताम ,कमलेश शर्मा ,आकाश बनोटे, सतीश जोशी ,डॉक्टर गोविंद शर्मा, मुकेश सिंघानिया ,अनिल यादव, रोहित भारती उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों की अनुसंशा पर विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का हुआ गठन



चेतन सिंह



राहुल छाबड़ा

**थानखम्हरिया।** थानखम्हरिया नगर पंचायत के शासकीय विद्यालयों में 2 अगस्त को विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन हुआ। प्रभारी मंत्री नगरी विकास विभाग उप मुख्यमंत्री अरुण साव, साजा विधायक ईश्वर साहू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी के अनुशंसा से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है,

राहुल छाबड़ा को सर्वसम्मति से भारत माता कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला अध्यक्ष चुना गया, चेतन सिंह को बालक उच्चतर माध्यमिक शाला विकास समिति अध्यक्ष चुना गया , शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गोपालपुर का अध्यक्ष दौलत नाथ योगी को साथ ही विकास समिति कोऑपरेटिव अध्यक्ष घनश्याम सिंह ठाकुर की नियुक्ति की गई है। जिला शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अध्यक्षों का दायित्व होता है कि विद्यालय के काम करने के तरीकों के बारे में जानकारी लेना समय समय पर देखरेख करना सभी अध्यापकों वह छात्रों की समय उपस्थिति सुनिश्चित करना , शिक्षा की गुणवत्ता व शिक्षा स्तर का निरीक्षण करें। सभी नियुक्त अध्यक्षों को भाजपा मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत, प्राचार्य रविन्द्र यादव, व्याख्याता बालमुकुंद साहू, प्रणेश चौबे, आदर्श जोशी, अतुल सिंघानिया,शिवेंद्र ,रमेश जैन, सुरेश सिंघानिया, रामस्नेही नामदेव, गिरधारी देवांगन बिहारी निर्मलकर , राजेश सिंघानिया, विष्णु जोशी, पुरूषोत्तम अग्रवाल, रौनक मुरारका ने बधाइयां दी।

# बारिश के बाद जर्जर सड़क व पुल से दुर्घटना की आशंका

## सेमरिया घाट पुल पर डेढ दो फीट के गडढे से खतरनाक हुआ सफर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे बारिश थमने के बाद एक ओर जहां नागरिकों को सुकून मिला है वहीं दूसरी ओर तमाम सड़क व पुल पुलिया की हालत जर्जर स्थिति मे लोगों को परेशान कर रखा है खासकर दुपहिया व चैपहिया वाहन चालको को जर्जर सड़क व जर्जर पुल से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हास्पिटल चैक से लेकर कृषि उपज मंडी मुख्य गेट तक कुछ वर्ष पूर्व बनाये गये कृषि उपज मंडी की सड़क अल्प अवधि मे हीं जर्जर स्थिति मे पहुंच गई है सड़क पर जगह जगह बडे बडे गडढे हो जाने से लोगों को आवाजाही मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि मंडी रोड की जर्जर अवस्था को लेकर लोगों ने सवाल उठाते हुये कहा है कि मंडी रोड



चूंकि अभी ठेकेदार के गारंटी पीरियड मे है इसलिये तत्काल मंडी सड़क की बदतर हालत को सुधरवाने के लिये प्रशासन ठोस पहल करें। इसी प्रकार लगभग 7 दिन तक शिवनाथ नदी की बाढ की चपेट मे आये सेमरिया घाट पुल पर बडे बडे गडढे हो जाने से छोटे बडे सभी प्रकार के वाहनो के दुर्घटनाग्रस्त होकर नदी के जल प्रवाह मे गिर जाने का खतरा मंडराने लगा है सेमरिया घाट पुल के भाटापारा से जाते वक्त का हिस्सा एवं आखिर छोर का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है वहीं पुल मे अनेक स्थानो पर डेढ दो फ ीट के गहरे गडढे हो जाने से यात्री बस दुपहिया वाहन एवं अन्य भारी वाहनों को परेशानियों के बीच खतरनाक ढंग से पुल पार करना पड़ रहा है।



**जर्जर सड़क व पुल पुलियों को तत्काल मरम्मत करने की जरुरत**

सेमरिया घाट जर्जर पुल को तत्काल सुधारने की दिशा मे लोक निर्माण विभाग पहल करें। बरसात के बाद इसी तरह भाटापारा नारायणपुर मार्ग, भाटापारा नांदघाट मार्ग, भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग, भाटापारा सुहेला मार्ग, भाटापारा मोपका, भाटापारा निपनिया मार्ग, भाटापारा दावनबोड़ मार्ग, भाटापारा तरेंगा होकर टोहडी घाट जाने का मार्ग एवं अनेक गांव के अन्य मार्ग जर्जर स्थिति मे लोगों के लिये परेशानी का सबब बने हुये है जर्जर सड़क व पुल पुलियों को तत्काल मरम्मत कराकर सगुम यातायात व्यवस्था बनाने की मांग लोगों ने की है।

# समर्पण और त्याग का प्रतीक है भगवा- अभय कुम्भकार

## गुरू पुर्णिमा उत्सव सम्पन्न

**थान खमरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया।दुर्ग प्रांत प्रचारक अभय कुंभकार थान खमरिया स्वयंसेवकों ने संघ की शाखा में उत्सव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती भारत माता के चित्र पर पूजा आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता अभय कुमार प्रांत प्रचारक, अध्यक्षता राकेश जोशी के सानिध्य में किया गया। आयोजन में भगवा ध्वज को गुरु मानकर नमन एवं प्रणाम किया गया प्रांत प्रचारक ने अपने संबोधन में कहा कि, पारंपरिक रूप से गुरु पूर्णिमा का दिन वह समय है जब साधक गुरु को अपना आभार अर्पित करते हैं उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बिंदु से लेकर सारी सृष्टि को चलाने वाली अनंत शक्ति जो परमेश्वर तत्व है उनके जीव के साथ क्या सहज संबंध है इन बातों को जिनके चरणों में बैठकर समझने की अनुभूति प्राप्त होती है वही गुरु है, लोगों में सद्गुरु की उपमा किसी से नहीं की जा सकती, बहुत से ग्रंथों के अनुसार भगवान बुद्ध ने आषाढ़ पूर्णिमा के दिन अपने प्रथम पांच




शिष्यों को उपदेश दिया था इसलिए बौद्ध धर्म के अनुयायी भी पूरी निष्ठा के साथ गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाते हैं गुरु शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की ऐसी अनुपम धरोहर है जिसकी मिसाल दुनिया भर में दी जाती है आगे आपने बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भगवा ध्वज को अपना गुरु मानते है, भगवा ध्वज त्याग व समर्पण का प्रतीक है स्वयं जलते हुए सारे विश्व को प्रकाश देने वाले सूर्य के रंग का प्रतीक है संपूर्ण जीवन के शाश्वत सुख के लिए समर्पण करने वाले संत भगवा वस्त्र ही पहनते हैं भगवा ध्वज त्याग का प्रतीक है अपने राष्ट्र जीवन तथा मानव जीवन के अनेक इतिहासों का साक्षी है।आगे आपके द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक की शाखों को घर-घर गांव-गांव तक पहुंचाने का बात कही गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, **क्रांतिरथ छत्तीसगढ़** ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया, पार्षद मनीष सेन, सरस्वती शिशु मंदिर अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया, मुख्य शिक्षक जगराखन मण्डावी विशेष रूप से विभाग कार्यवाहक संजय पांडे जी, जिला कार्यवाहक गंगाधर यादव , कार्यवाहक नागेश्वर साहू, प्राचार्य लखन लाल साहू, आचार्य विश्वनाथ साहू, जितेन साहू , तोरण साहू, राजेश यादव, राजेश पटेल उपस्थित थे।

# शहर में गंदगी के चलते लोग पड़ रहे है बीमार

## सफाई व्यवस्था मे नहीं हो रहा है सुधार, लोग परेशान



**भाटापारा।** नगर मे सफाई व्यवस्था की स्थिति मे सोमवार को भी कोई विशेष सुधार नहीं आया है जगह जगह गंदगी व कचरे के ढेर से संपूर्ण शहर बदबू से महक उठा है। नगर के प्रमुख चैक चैराहे हाट बाजार के अलावा गली मोहल्लों मे व्यापक पैमाने पर गंदगी व बजबजाती नालियो के कारण लोगों के घरो मे नाली के कीडे व मक्खी मच्छर पहुंच रहे है जिससे आम नागरिको को न दिन मे चैन है न रात मे सुकून मिल पा रहा है दिन मे जहां मक्खी व बदबू से लोग हलाकान है वहीं रात को मच्छरो का आतंक लोगों को बिना पंखा चलाये सोने नहीं दे रहा है। शहर के अधिकांश ईलाको मे गंदगी के चलते स्थिति विकट है व लोग मौसम जनित बीमारी डायरिया, सर्दी, खांसी, बुखार से पीडित हो रहे है इस बात की पुष्टि तमाम मेडिकल स्टोर्स मे बडे पैमाने पर बिकने वाली दवाई व इंजेक्शन सहित निजी व अन्य हास्पिटल के डाक्टर कर रहे है कि अभी शहर मे वायरल फ ीवर व डायरिया के मरीज के साथ साथ एक दो मच्छर काटने से प्रभावित मरीज पहुंच रहे है जिसके पीछे मौसम परिवर्तन के साथ साथ शहर मे व्याप्त गंदगी भी है। पुराना सब्जी बाजार, सदर वार्ड के अलावा प्रमुख मार्गो के गलियो मे कूडे कचरो के ढेर से जहां वातावरण दूषित हो रहा है वहीं बदबू से राहगीर भी परेशान है गंदगी की सफ ाई के साथ मच्छर नाशक व कीट नाशक दवाओ का छिड़काव एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नाली नालों व प्रमुख मुक्कड़ो मे नहीं किये जाने से स्थिति लगातार बिगड़ रहीं है लोगो के जनस्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुये नगर की सफ ाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा मे प्रशासन के उच्चाधिकारी ठोस कदम उठावें।

# खुले में कचरा फेकने वालों की अब खैर नहीं, एक्शन मोड में नगर पालिका

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** कलेक्टर जिला बलौदा बाजार-भाटापारा के निर्देशानुसार तथा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगर पालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका टीम के द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों में कचरा फेंकने वाले व्यक्तियों को प्रथम चरण में समझाइश दी गई तथा पटपर एस.एल.आर.एम सेंटर के पास स्थित सतनामी मुक्तिधाम के सामने मुख्य मार्ग पर कचरा फेंकने पर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है जिसमें कचरा फेंकते हुए एक व्यक्ति को नोटिस जारी करते हुए पांच हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया तथा उक्त स्थल की सफाई करवा कर समतलीकरण का कार्य पूर्ण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर वासियों से अपील की है कि अपने वार्ड मोहल्ले गली एवं शहर को साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें तथा कचरा को कचरे वाली गाड़ी में ही डालें तथा खुले में कचरा फेंकने पर कानूनी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई है।

# पिकअप वाहन में आग लगाने वाला पकड़ा गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर से पांच किलोमीटर दूर तरेंगा मार्ग पर पिकअप वाहन चालक विमल सिन्हा ने वाहन को अपने हेल्पर केशव चक्रधारी के घर के पास खड़ी कर रखा था उसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर पूरी तरह जला दिया था जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया व आकलन के अनुसार कुल जुमला 80 हजार रूपये का नुकसान उक्त वाहन के जलने से हुआ था। उपरोक्त वाहन वृंदावन कालोनी निवासी संकल्प सेठी संचालक गरिमा ट्रांसपोर्ट का है उक्त आगजनी की घटना की रिपोर्ट होने के बाद पुलिस ने आगजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुये विभिन्न सूत्रो एवं सीसी टीवी फ़ूटेज को खंगालते हुये 19 वर्षीय युवक सागर प्रजापति मूल निवासी ग्राम भैंसो थाना पामगढ जिला जांजगीर चांपा को पकड़ा है जिसमे उक्त युवक ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। बताया जाता है कि आपसी पुरानी रंजिश के चलते युवक ने उक्त पिकअप वाहन मे आग लगा दी थी।

# कुराश प्रतियोगिता में दुर्ग जिले का वर्चस्व

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** डॉ.जेके आडिल की स्मृति मे आयोजित प्रदेश स्तरीय कुराश चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे राज्य के 130 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बेमेतरा, बलौदाबाजार व भाटापारा शहर के खिलाड़ी भी शामिल हुये। कार्यक्रम मे पुरस्कार वितरण प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने किया। उक्त अवसर पर विकास आडिल, रविन्द्र जैन, बैजनाथ गुप्ता, अमरजीत सलूजा, सुरेश भानूशाली, नरेश आर्य, लक्ष्मीनारायण सोनी, आदित्य सिंग, आशीष यादव व राजेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। खिलाड़ियों को क्रमशरू स्वर्ण कांस्य एवं रजत पदक के साथ साथ प्रतियोगिता के प्रशिक्षको को टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता मे दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा पदक जीतकर ओव्हर ऑल चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया वहीं द्वितीय स्थान पर भाटापारा व बलौदाबाजार के खिलाड़ी रहे। उक्ताशय की जानकारी कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंग सलूजा स्मार्ट ने दी है।

## संक्षिप्त समाचार

# परसाडीह स्कूल में नि:शुल्क बैग पाकर छात्र-छात्रा खुश हुये




**भाटापारा।** ब्लाक के ग्राम परसाडीह मे स्थित शासकीय प्राथमिक शाला मे ग्राम अर्जुनी के समाज सेवक गिरीश देवांगन के द्वारा विद्यालय मे अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को निरूशुल्क स्कूल बैग का वितरण किया गया। देवांगन के उक्त कार्यो की लोगों ने जहां सराहना की है वहीं शिक्षण सामाग्री रखने के लिये बैग पाकर स्कूली छात्र-छात्रा भी प्रसन्न हो गये। उपरोक्त अवसर पर दौलत सिंग कुंजाम, दयाशंकर सोनी, डोमेश्वरी साहू व मधु साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के भवन में शिव अनुष्ठान संपन्न



**भाटापारा।** छत्तीसगढी अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन कालेज रोड मे शिव अभिषेक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम गुडेलिया के उन्नत कृषक अनिल अग्रवाल एवं धर्मपत्नि गीता अग्रवाल प्रमुख जजमान के रूप मे शामिल हुये। उक्त पूजन मे पार्थिव प्रतिमा का अभिषेक करने के उपरांत भवन मे प्रतिमा की स्थापना की गई। उक्त अवसर पर समाज के संरक्षक सतीश अग्रवाल, शारदानंद अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, मनोरमा अग्रवाल, कामिनी अग्रवाल व विंध्या अग्रवाल सहित बडी संख्या मे समाज के अन्य लोग शामिल थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान



**भाटापारा।** जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नगरीय निकाय क्षेत्र मे सफ ाई व्यवस्था को सुधारने की दिशा मे अब पालिका प्रशासन द्वारा पहल किया जा रहा है इसी सिलसिले मे आये दिन हल्की से सामान्य बारिश मे भी परेशानी पैदा करने वाले कृषि उपज मंडी मार्ग मे पालिका के सफ ाई अमले ने हास्पिटल चैक के सामने से मंडी मार्ग की सफ ाई करते हुये संपूर्ण अमले को वहां पर झोक दिया पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता के साथ साथ सफ ाई विभाग के कर्मचारी पूरी तन्मयता से कुर्मी बोर्डिंग से लेकर सरस्वती शिशु मंदिर तक के जाम नाली नाला को खुलवाने मे लगे रहे इस दौरान सुनील गुप्ता ने स्वयं सफ ाई अभियान मे हिस्सा बटाते हुये फ ायर ब्रिगेड द्वारा प्रेशर के जरिये बंद नाली नालों को स्वयं खोला व बाद मे मैले गंदे सड़क की सफ ाई धुलाई भी उन्होने की इस दौरान वहां पर पालिका सफ ाई अमले के विभिन्न कर्मचारी के साथ साथ बंशी चैहान व अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# वेदांता के हिंदुस्तान जिंक ने एशिया का पहला लो कार्बन 'ग्रीन' जिंक इकोजेन किया लॉन्च

## हिंदुस्तान जिंक के इकोजेन और अन्य जिंक उत्पादों का प्राथमिक उपयोग जंग प्रतिरोध के लिए स्टील गैल्वनाइजेशन में किया जाता है




**मुंबई** । देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपना लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड इकोजेन लॉन्च किया। एसएंडपी ग्लोबल सीएसए के अनुसार विश्व की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त यह कंपनी एशिया की पहली जिंक उत्पादक है जिसने दुनिया भर में अपने ग्राहकों के लिए अपनी तरह का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक ऑफर किया है। इकोजेन को एक प्रसिद्ध वैश्विक स्थिरता परामर्श फर्म द्वारा जीवन चक्र मूल्यांकन, एलसीए के माध्यम से लो-कार्बन जिंक के रूप में प्रमाणित किया गया है और इसका कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन उत्पादित जिंक पर एक टन से भी कम कार्बन समतुल्य है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है। जिंक का प्राथमिक अनुप्रयोग स्टील को जंग से बचाने के लिए गैल्वनाइजेशन के लिए है स्टील, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव और सनराइज सेक्टर जैसे अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, हाई-टेक विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इकोजेन हिंदुस्तान जिंक की अपने परिचालन को डीकार्बोनाइज करने के साथ-साथ अपने ग्राहकों को एक बेजोड़ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि बदले में अपने ग्राहकों को अधिक सस्टेनेबल विकल्प प्रदान किए जा सकें। इस नवीनतम पेशकश से हिंदुस्तान जिंक के इकोजेन के साथ एक टन स्टील को गैल्वनाइज करने में उनकी मूल्य श्रृंखला में लगभग 400 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन से बचाव होगा। हिंदुस्तान जिंक की नवीनतम पेशकश, कम कार्बन ग्रीन जिंक को इकोजेन ब्रांड किया गया है। शुरुआत के लिए इकोजेन एक स्पेशल हाई ग्रेड (एसएचजी) जिंक उत्पाद संस्करण के रूप में उपलब्ध है इस कम कार्बन वाले पर्यावरण अनुकूल जिंक का निर्माण अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके किया जा रहा है और इसका वैश्विक तापमान वृद्धि क्षमता मूल्य बाजार में सबसे कम है, जो वैश्विक औसत से लगभग 75 प्रतिशत कम है। उत्पाद की प्रमाणन प्रक्रिया एक मास-बैलेंस दृष्टिकोण पर आधारित है और इसे क्रैडल टू गेट पद्धति का उपयोग कर किया गया है।

हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन और वेदांता समूह की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि, स्थिरता हमारे सभी व्यावसायिक निर्णयों के मूल में बनी हुई है। हिंदुस्तान जिंक का एसएंडपी इंडेक्स में नंबर 1 होना, एक स्थायी भविष्य के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इकोजेन का शुभारंभ 2050 तक नेट जीरो बनने की हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। ईएसजी के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित कर, वेदांता का हिंदुस्तान जिंक सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक सस्टेनेबल संचालन और उत्पाद बनाकर प्राकृतिक संसाधन उद्योग में क्रांति ला रहा है। उत्पाद लॉन्च के अवसर पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा, इकोजेन का लॉन्च हमारे परिचालन को डीकार्बोनाइज करने की हमारी यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों की सेवा भी करता है जो अपने द्वारा उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल की उत्पत्ति के बारे में जागरूक हैं और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को डीकार्बोनाइज करने का लक्ष्य रखते हैं। यह हिंदुस्तान जिंक के नेट-जीरो लक्ष्यों के अनुरूप हमारी उत्पाद रणनीति में एक प्रमुख मील का पत्थर है। एक टन से भी कम कार्बन समकक्ष के कार्बन फुटप्रिंट के साथ उत्पादित, इकोजेन बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और कम कार्बन संक्रमण के लिए प्रौद्योगिकियों में अपनी भूमिका के लिए बाजार में सबसे सस्टेनेबल कम कार्बन जिंक विकल्पों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है।

**अक्षय ऊर्जा के उपयोग से उत्पादित, इकोजेन में उत्पादित जिंक के प्रति टन कार्बन समकक्ष 1 टन से भी कम कार्बन फुटप्रिंट है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है**

कंपनी ने हाल ही में घोषणा की है कि उसे अपने 450 मेगावाट बिजली वितरण समझौते के तहत चैबीसों घंटे अक्षय ऊर्जा का पहला प्रवाह मिलना शुरू हो गया है। यह इसके मौजूदा 40.7 मेगावाट कैप्टिव सौर ऊर्जा के अतिरिक्त है। इन पहलों ने हिंदुस्तान जिंक को 2020 से वित्त वर्ष 24 में अपने जीएचजी (ग्रीनहाउस गैस) उत्सर्जन की तीव्रता को 14 प्रतिशत तक कम करने में मदद की है। हिंदुस्तान जिंक दुनिया में सबसे बड़े जिंक उत्पाद पोर्टफोलियो में से एक प्रदान करता है और उत्पाद नवाचार के लिए ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण पर केंद्रित है। कंपनी यूरोप, दक्षिण अमेरिका, ओशिनिया और मध्य पूर्व सहित 40 से अधिक देशों को आपूर्ति करती है।

हिंदुस्तान जिंक की ग्राहक तकनीकी सेवा टीम और उत्कृष्टता केंद्र ग्राहकों के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि उनकी विशिष्टताओं के अनुसार उनकी उभरती जरूरतों को पूरा किया जा सके। सर्वोच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध, कंपनी की जिंक पेशकश देश की पहली ऐसी कंपनी है जिसे पर्यावरण उत्पाद घोषणा (ईपीडी) सत्यापित किया गया है - जो उत्पाद के पर्यावरण फुटप्रिंट पर तुलनीय डेटा प्रदान करती है, साथ ही गुणवत्ता के लिए आईएसओ और बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) प्रमाणपत्र भी प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, कंपनी के पास यूरोप में अपने उत्पादों के निर्यात के लिए आरईएसीएच गुणवत्ता प्रमाणन भी है।

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड विश्व की दूसरी सबसे बड़ी जिंक उत्पादक और वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक है। कंपनी 40 से अधिक देशों को आपूर्ति करती है और भारत में प्राथमिक जिंक बाजार में लगभग 75 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखती है। हिंदुस्तान जिंक एक प्रमाणित 2.41 गुना वाटर-पॉजिटिव कंपनी भी है और 2050 या उससे पहले नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। धातु और खनन उद्योग में एक विश्व नेता के रूप में, हिंदुस्तान जिंक एक स्थायी भविष्य के लिए वैश्विक ऊर्जा संक्रमण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण धातुएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण है।

# नकली सौंन्दर्य प्रशाधन की बिक्री की आशंका में अनेक दुकान में छापामार कार्यवाही

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** शहर के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स मे गत दिनो औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्यवाही की थी। जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर औषधि विभाग की टीम ने शहर मे अनेक कास्मेटिक दुकान व फैं सी स्टोर्स मे नकली सामाग्री बेचे जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुये छापामार कार्यवाही की इस दौरान मदिना बैंगल्स एवं फैं सी स्टोर्स, सुहागन फैं सी स्टोर्स, बाबा गरीबदास जनरल स्टोर्स, ओमिका कास्मेटिक एजेंसी, वन्स कास्मेटिक स्टोर्स के अलावा हुसैनी सेल्स एजेंसी मे जांच की कार्यवाही की गई एवं विभिन्न संदिग्ध कास्मेटिक आयटम्स, सौन्दर्य प्रशाधन वस्तु फे स पाउडर फे स क्रीम, बॉडी लोशन, टेलकम पाउडर, हेयर पाउडर तथा अनेक प्रकार के क्रीम का सैंपल लेकर रायपुर स्थित लेबोरेटरी मे जांच के लिये भेजा गया है। जांच के दौरान अधिकारियों ने खरीदे गये सामान एवं बेचे गये सामान का ब्यौरा हासिल किया साथ हीं सभी दुकानदारो को यह निर्देश दिये गये कि वे सभी सामान पक्के बिल मे क्रय करें। उक्त कार्यवाही मे किशोर ठाकुर, ईश्वर यादव, महेन्द्र साहू के साथ साथ पुलिस के अन्य लोग शामिल थे।

# रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर राखी बाजार में ग्राहकी शुरू

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आने वाले रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर शहर मे भाईयों की कलाई पर इस बार तरह तरह के नये वेरायटी वाले राखी बंधे हुये देखने को मिलेंगे हालांकि रक्षा बंधन का पर्व 19 अगस्त दिन सोमवार को मनाया जायेगा लेकिन भाटापारा बाजार मे अभी से हलचल शुरू हो गई है। राखी के कारोबार करने वाले लगभग दो दर्जन से अधिक छोटे बडे दुकानदार अपनी दुकान सजाने मे लग गये है शहर मे सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता व वृंदावन एवं दिल्ली से आयातित राखियों का विशाल संग्रह व भंडार शहर के बाजार मे अपनी छटा बिखेर रहा है राखी विक्रेताओं के पास 1 रूपये से लेकर 500 रूपये तक के अलग अलग किस्म के राखी उपलब्ध है जिसमे कई प्रकार के मनभावन डिजाईन वाले राखी लेने लोग अब पहुंचने लगे है वैसे तो ज्यादातर बहनें अपने भाई को रक्षासूत्र बांधने उनके घरों तक पहुंचने का



प्रयास करती है लेकिन दूर दराज रहने वाले भाई बहनों के बीच रक्षा बंधन का पवित्र त्यौहार मे कुछ बहनें अत्याधिक दूरी के चलते अपने भाई के निवास स्थान तक नहीं पहुंच पाती है वे अभी से राखी खरीदकर विभिन्न कोरियर एवं डाक पार्सल के माध्यम से राखी भेजने के लिये जुट गई है। भाटापारा बाजार मे दूसरे प्रांतो से राखी का विशाल भंडार पहुंच चुका है और यहां से थोक विक्रेता विभिन्न पुटठो के कार्टून मे अलग अलग तरीके के राखियों की डिलीवरी आस पास के क्षेत्र मे देने जुट गये है वर्तमान मे थोक व्यापारियों के यहां बलौदाबाजार, अर्जुनी, लवन, लाहोद, गिधौरी, पलारी, अमेरा, रोहांसी, छेरकापुर, सण्डी, भैंसा, सुहेला, हथबंद, सिमगा, दामाखेड़ा, लिमतरा, नांदघाट, निपनिया, करहीबाजार, मारो, नारायणपुर, पथरिया, सरगांव, रोहरा, बैतलपुर, चकरभांठा, संबंलपुर, कूंरा, तिल्दा नेवरा, खरोरा, बिल्हा सहित अन्य क्षेत्र के व्यापारी पहुंच रहे है जिन्हे अलग अलग रेंज के नयनाभिराम राखियों की डिलीवरी देने का काम धडल्ले से चल रहा है। नगर मे थोक राखी विक्रेताओं के यहां कुंदन वर्क, भैया भाभी पेयर, लुंबा, राजस्थानी, मारवाड़ी राखी के अलावा मंदिर के पंडित पुजारियो द्वारा बांधी जाने वाली डोरी राखी का लॉट भी बडे पैमाने पर बिक रहा है कुल मिलाकर रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर राखी बाजार मे हलचल शुरू हो गई है।

# कारगिल विजय दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. श्रीमती पूर्णिमा साहू के मार्गदर्शन में संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. श्रीमती पूर्णिमा साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों ने कारगिल युद्ध में शहीद जवानों को श्रध्दांजलि दिया एवं प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में जवानों के साहस एवं पराक्रम को स्मरण किया एवं कारगिल युद्ध के ऑपरेशन विजय को 25 वर्ष पूर्ण होने के साथ ही इस दिवस को भारतवासियों के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए दीपक यादव ने कारगिल युध्द में जवानों के अदम्य साहस एवं वीरता पर प्रकाश डाला। सुश्री इंद्राणी मरकाम ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ.अनिता सरीन, डॉ. शशिकिरण कुजूर, जितेन्द्र यादव, अशोक वर्मा, डॉ.विकास गुलहरे, डॉ.प्रीति सोनी, गुप्तेश्वर साहू, मनीष कु. सरवैया, डॉ. नवनीत द्विवेदी, रोहन अग्रवाल डॉ. स्नेहा दुबे, राजन तिवारी, डॉ.सुमित पंत, डॉ. रूचि अग्रवाल, डॉ. सुषमा कुमारी, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. सुशीला साहू, राजू बरेठ, पूजा गुप्ता, खिलौना कन्नौजे, लीलेश्वर साहू, भारती साहू, करण साहू, अमितेष एवं तुषार सहित छात्र-छात्राये उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में पौधा रोपण किया गया



**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय प्रांगण मे प्राचार्य डॉ.पूर्णिमा साहू के मार्गनिर्देशन मे राष्ट्रीय सेवा योजना तथा ईको क्लब के संयुक्त तत्वाधान मे पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे इन्द्राणी मरकाम, दीपक यादव, दीपिका त्रिपाठी, रेखा कश्यप के साथ साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्रा बडी संख्या मे शामिल थे। पौधा रोपण के बाद सभी ने पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु संकल्प लिया। उपरोक्त अवसर पर डॉ.अनिता सरीन, शशिकिरण कुजूर, जितेन्द्र यादव, विकास गुलहरे, प्रीति सोनी, अशोक वर्मा, रोहन अग्रवाल, नवनीत द्विवेदी, स्नेहा दुबे, सुमित पंत, राजन तिवारी, गुप्तेश्वर साहू, मनीष सरवैया, रूचि अग्रवाल, सुषमा कुमारी, डॉ.मनीष, राजू बरेठ, पूर्णिमा मिश्रा, पूजा गुप्ता, खिलौना कन्नौजे, सेवक भारती, सुशीला साहू, भारती साहू, करण साहू, अमितेश, तुषार एवं अन्य लोग भी मौजूद थे।

## एक नजर

### बाबा बैद्यनाथ धाम के लिये श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना



**भाटापारा।** कावरिया संघ के प्रमुख डॉ. सुंदरलाल साहू ने बताया कि यह जत्था पिछले 15 वर्षों से भेले नाथ के दर्शन करते आ रहे हैं जिसमे मुख्य रूप से उमाशंकर साहू, मोतीलाल, ईश्वर धुरंधर, मनीराम, अशोक साहू, मीना, राधा, रेखा, संध्या, रश्मि, सुमन, मंजू, जानकी, दुर्गेश, बद्री, बीरेंद्र, माखन लाल, रोहित, देवचरण व हिमकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु रवाना हुये।

### बाबा बैजनाथ धाम के लिये जत्था रवाना

**भाटापारा।** सावन मास मे जहां एक ओर नगर मे भक्ति की बयार बह रहीं है वहीं प्रतिदिन अलग अलग ट्रेनो से रेल्वे स्टेशन मे सैकड़ो श्रद्धालु बाबा बैजनाथ धाम देवधर एवं महाकाल उज्जैन, नासिक



भीमाशंकर सहित अन्य शिवालय की ओर जाने बडी तादाद मे रवाना हो रहे है अभी तक हजारो शिव भक्त अलग अलग दिशाओ की यात्री ट्रेनो मे सवार होकर जा चुके है स्टेशन मे ज्यादातर भक्त एक विशेष वेशभूषा मे कांवर लेकर जल चढाने अपनी यात्रा की शुरूआत स्थानीय रेल्वे स्टेशन से कर रहे है जिसके कारण प्रायरू सभी यात्री ट्रेनो मे भीड़ का नजारा देखने को मिल रहा है। नगर के प्रमुख समाज सेवी रवि गुप्ता, अमर दावानी, पंकज ठाकुर, दिव्यांश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, आयुष गुप्ता, राजेश हबलानी, अजय काछेला, गुरनामल, आशीष पुरोहित, बिहारी जोशी, उमेश थारानी सहित सैकड़ो भक्तों का जत्था बाबा बैजनाथ के लिये रवाना हुये उन्हे बिदाई देने बडी तादाद मे अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

# निवेदिता वर्मा को मिला साहित्य श्री सम्मान

**भाटापारा।** वक्ता मंच द्वारा गत दिनो नगर की शिक्षिका निवेदिता वर्मा मेघा को साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। मेघा को इसके पूर्व कवियित्री सम्मान भारत रत्न अटल सम्मान शिक्षक रत्न सम्मान छत्तीसगढ गोल्डन पोयट्री अवार्ड सहित अनेक पुरस्कार भी मिल चुके है निवेदिता वर्मा के अनेक काव्य संग्रहण तथा गद्य एवं पद्य लेखन सहित अन्य साहित्यिक गतिविधियों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उक्त सम्मान प्राप्त हुआ है। उनके द्वारा अनेक काव्य पुस्तको का प्रकाशन एवं संकलन साझा रूप से




किया गया है उनके साझा संकलन मे छत्तीसगढी कवियित्रियां कवि चेतना, आकर थरहा, छत्तीसगढी कृतियों का प्रकाशन हो चुका है। निवेदिता वर्मा को साहित्य श्री सम्मान मिलने पर सुमन बाजपाई, संगीता चैरसिया, संध्या महक, इन्द्राणी साहू, अरूण छाबड़ा, सुशील छाबड़ा, सोमेश सिन्हा व रूपेश सिन्हा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है वहीं मेघा ने वक्ता मंच द्वारा उनके सम्मान किये जाने पर राजेश पराते, शुभम साहू के प्रति आभार प्रकट किया है।

# कमाल है! डोंगरगांव जनपद पंचायत में तकनीकी सहायक बना ठेकेदार ?

ब्यूरोचीफ गौरव अग्रवाल



**डोंगरगांव।** जनपद पंचायत में पदस्थ एक तकनीकी सहायक द्वारा शासकीय सेवा में रहते हुए भी नियम विरूद्ध तरीके से ठेकेदार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तकनीकी सहायक का नाम शशिकांत देवांगन है, जिसके द्वारा ग्राम पंचायत बम्हनीभाठा में तकनीकी सहायक पद पर कार्यरत होतु हुए गांव के मजदूरों का मस्टरोल भरकर सामग्री आपूर्तिकर्ता अनंत बिल्डकॉन (प्रोप्र् चितेन्द्र कुमार देवांगन तथा जिसका जीएसटी नंबर 22बीएचजेपीडी1380डी2जेडवाय) निवासी रिसाली को भुगतान कराया गया है। जानकारी के अनुसार चितेन्द्र कुमार देवांगन और डोंगरगांव जनपद में तकनीकी सहायक के पद पर पदस्थ शशिकांत देवांगन दोनों भाई हैं।

सूत्रों की मानें तो शशिकांत देवांगन द्वारा डोंगरगांव जनपद में पदस्थ रहते हुए अपने कार्य क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में भी फार्म अनंत बिल्डकॉन रिसाली का देयक भुगतान कराकर ठेकेदारी कार्य किया गया है, जो जांच का विषय है। ग्राम पंचायत बम्हनीभाठा में मनरेगा योजना के तहत अमृत सरोवर में रिटर्निंग स्ट्रख कार्य कराया गया था, जिसमें ग्राम के मजदूरों द्वारा कार्य किया गया था, जिसका मस्टरोल क्रमांक 14267 तथा 14487 है। मस्टररोल में ग्राम के मजदूरों की 45 दिवस की उपस्थिति दर्ज की गई थी, जिसका भुगतान पिछले 10 माह से शेष है तथा जनपद पंचायत के तकनीकी सहायक शशिकांत द्वारा उक्त मस्टरोल को निरंक बताकर आज तक राशि प्रदान नहीं किया गया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन एवं सांसद संतोष पाण्डेय के समक्ष भी लिखित शिकायत पत्र प्रस्तुत किया है, लेकिन शिकायत की जांच आज तक नहीं हो पाई है। इस तरह अधिकारियों द्वारा तकनीकी सहायक शशिकांत को क्लीनचिट दिया जा रहा है, जिसमे मजदूरों के साथ न्याय न करते हुए दोषियों को बचाया जा रहा है, जबकि ग्राम बम्हनीभाठा के मजदूरों के द्वारा लिखित आवेदन में उक्त तकनीकी सहायक को हटाने की मांग की गई है। शशिकांत देवांगन द्वारा उच्च अधिकारियों का साथ होने तथा उनके मार्गदर्शन में ही सभी काम होना बताया जा रहा है।

आवेदन देने के बाद जांच अधिकारियों का शशिकांत देवांगन को क्लीनचिट देना, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि शशिकांत और अनंत बिल्डकॉन के प्रो. चितेन्द्र देवांगन दोनों भाई हैं तथा जरुरत पड़ने पर इसके लिए आवश्यक दस्तावेज भी वो प्रस्तुत कर सकते हैं। ये सारी बातें जांच के घेरे में आती हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से इस मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# नये सांसद से भाटापारा की विभिन्न समस्याओं के निदान करने की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रायपुर संसदीय क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भाटापारा क्षेत्रवासियों को काफ ी उम्मीद है खासकर केन्द्र सरकार के अधीन डाक एवं संचार तथा रेल्वे एवं केन्द्रीय शिक्षा के तहत भाटापारा मे अनेक विकास के कार्य कराये जा सकते है जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के बिलासपुर रेल्वे जोन अंतर्गत सर्वाधिक आय देने वाले स्टेशन मे भाटापारा रेल्वे स्टेशन विशिष्ट आय देने वाला प्रमुख स्टेशन है यहां पर एक लंबे समय से अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनो का ठहराव देने की मांग रेल यात्री कर रहे है जिसमे बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस, बिलासपुर हांपा एक्सप्रेस, बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, वास्कोडीगा एक्सप्रेस, हावड़ा शिरडी एक्सप्रेस, कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस, हटिया कुर्ला एक्सप्रेस, हावड़ा कुर्ला समरसता एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, गीतांजलि एक्सप्रेस, कुर्ला गुवाहाटी एक्सप्रेस सहित कुछ अन्य महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनो को भाटापारा मे स्टापेज देना निहायत जरूरी है क्योकि यह क्षेत्र छह विधानसभा क्षेत्रो का प्रतिनिधित्व स्टेशन है साथ हीं दर्जनभर छोटी बडी सीमेंट कंपनियो का भी यह निकटतम स्टेशन है इसके अलावा भाटापारा मे लगभग 500 पोहा, राईस एवं दाल मिल व अन्य संस्थान संचालित है जहां से लोग प्रायरू देश के हर हिस्से मे आना जाना करते है इसको मददेनजर रखते हुये एक्सप्रेस ट्रेनो का ठहराव जरूरी है इसी तरह सांसद को इंदौर बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस व पटना बिलासपुर एक्सप्रेस, चिरमिरी बिलासपुर एक्सप्रेस एवं रायगढ बिलासपुर लोकल ट्रेन का क्रमशरू दुर्ग रेल्वे स्टेशन एवं भाटापारा तक विस्तार करके चलाये जाने की



पुरानी मांग पर भी उन्हे ध्यान देना है इसी प्रकार भाटापारावासी एक लंबे समय से क्षेत्र मे केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ करने की मांग करते आ रहे है इसी प्रकार आजादी के 77 साल बाद भी भाटापारा जैसे प्रमुख नगर मे डाक विभाग का स्वयं का भवन नहीं बन पाया है इस दिशा मे भी सांसद को ठोस पहल करना है। इस तरह क्षेत्रिय सांसद से लोगों ने उम्मीद जाहिर की है कि वे भाटापारा से जुडी तमाम समस्या को प्राथमिकता से हल कराने की दिशा मे कार्य करेंगे।

# डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार ग्रहण किया

**बिलासपुर।** डॉ.सुस्कर विपुल विलासराव ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे केमुख्य जनसंपर्क अधिकारी कापदभारआज दिनांक 31 जुलाई' 2024 को श्री समीर कान्त माथुर से ग्रहण किया । श्री समीर कान्त माथुर वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक (सा.) के पद पर पदस्थ हैं एवं वे उप महाप्रबंधक (सा.) के साथ साथ मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार भी देख रहे थे । डॉ.सुस्कर विपुल विलासराव भारतीय रेलवे परिचालनसेवा (आईआरटीएस) के 2014 बैच के अधिकारी है।डॉ.सुस्कर विपुल विलासराव मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के पद पर पदस्थापना के पूर्व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में उप



मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (यात्रीसेवा) के पद पर पदस्थ थे। साथ ही ये मध्य रेलवे के सोलापुर, भूसावल व नागपुर रेल मंडल में परिचालन एवं वाणिज्य विभाग के अलग-अलग पदों सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबन्धक तथा उप मुख्य परिचालन प्रबन्धक (गतिशक्ति)के पद पर भी कार्य कर चुके हैं ।

# विद्यार्थी कारगिल विजय दिवस का संदेश आत्मसात कर शूरवीर व पराक्रमी बनें : पुरोहित

## सशिमं में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

विशेष प्रतिनिधि

**बागबाहरा। सरस्वती शिक्षा संस्थान के जिला प्रतिनिधि (महासमुंद) और स्थानीय स.शि.मं. संचालन समिति के सदस्य अनिल पुरोहित ने विद्यालय में अध्ययनरत भैया-बहनों से राष्ट्र-चिंतन और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु तत्पर और सजग होने का आग्रह किया है।**

श्री पुरोहित शुक्रवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आहूत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पुरोहित ने कारगिल संघर्ष की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि अब यह आवश्यक है कि समाज के सभी वर्ग राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनें। शहीदों को नमन और वीर जवानों का अभिनंदन करने के साथ-साथ भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को आत्मसात करें, यही कारगिल विजय दिवस का मूल संदेश है। श्री पुरोहित ने कहा कि आज हम जितनी भी उपलब्धियां अर्जित कर लें, लेकिन उसका उपभोग हम तभी कर सकेंगे जब हमारा यह राष्ट्र अपने सांस्कृतिक मूल्यों, जीवन मूल्यों, आदर्शों और गौरव प्रतीकों पर गर्व करके एक अखंड और अक्षुण्ण




राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखे। श्री पुरोहित ने विद्यालय के आचार्यों, दीदीजी और सभी अभिभावकों व शुभचिंतकों से भी आग्रह कि वे राष्ट्र के प्रति समर्पण का संस्कार विद्यार्थियों में विकसित करें। श्री पुरोहित ने पाकिस्तान के आतंकी कारनामों व छद्म युद्ध की चर्चा करते हुए कहा कि देश आज केवल सीमा और सीमा पार की चुनौतियों से ही नहीं जूझ रहा है, अपितु जातिवाद, साम्प्रदायिक तुष्टीकरण, समाज को बाँटने वाले झूठे नैरेटिव से भी युद्ध कर रहा है और भावी भारत भाग्य विधाता के रूप में विद्यार्थियों की एक ऐसी प्रखर व मुखर पीढ़ी की रचना समय की माँग है जो इस राष्ट्र को स्वाभिमानी, शक्तिशाली और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिक्षण तत्पर रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षीय आसंदी से अपने संबोधन में विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने भारत-पाक युद्धों और शेख अब्दुल्ला के कारनामों पर प्रकाश डाला और महाराजा हरिसिंह से माफी मांगकर जेल से छूटने का ब्योरा दिया। श्री निर्मलकर ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ ओम्, भारत माता, सरस्वती माता व अमर शहीदों के चित्रों के पूजन व दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन बहन सृष्टि साहू व साधना देवांगन ने किया। इस अवसर विद्यार्थी भैया-बहनों व आचार्य-परिवार के साथ-साथ अभिभावक व गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

# 'दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटरों पर मिलेगी ऑनलाइन भुगतान हेतु क्यूआर कोड की सुविधा'

## 'क्यूआर कोड के माध्यम से डिजिटल भुगतान सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में उपलब्ध कराये गए 500 क्यूआर कोड डिवाइस'

**बिलासपुर।** रेल यात्रियों को आसानी से यात्रा टिकट उपलब्ध कराना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं मेंशामिल है । इस दिशा में रेलवे द्वारा डिजिटल तकनीकों के समावेश के साथ नित नये-नये उपाय किए जा रहे है, जिनमें आरक्षित टिकटों की बूकिंग के लिए मोबाइल टिकटिंग प्रणाली एवं अनारक्षित टिकटों की खरीदी के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है । रेल यात्रियों को आसानी से यात्रा टिकट उपलब्ध कराने के लिए दी जा रही इन सुविधाओं की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मेंआरक्षित और अनारक्षित टिकट काउंटरोंमें क्यूआर कोडडिवाइस के माध्यम से ऑनलाइन डिजिटल भुगतान सुविधा









की पहल की गई है ।

इसके तहत आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटरों से यात्रा टिकट खरीदने वाले यात्रियों को कम समय में आसानी से यात्रा टिकट उपलब्ध कराने एवं चिल्हर की समस्या से निजात दिलाने तथा डिजिटल भुगतान की सुविधा को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से दक्षिण

> **'रेल यात्रियों को आसान डिजिटल भुगतान की सुविधा के साथ साथ चिल्हर की समस्या का भी समाधान'**

पूर्व मध्य रेलवे में 500 क्यूआर कोड डिवाइस उपलब्ध कराये गए है । इस प्रकार ये क्यूआर कोड डिवाइस बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत 205 टिकट काउंटरों, रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत 95 टिकट काउंटरोंतथा नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत 200 टिकट काउंटरों में लगाए जाएंगे । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन सभी आरक्षित और अनारक्षित टिकट काउंटरोंमें सितंबर' 2024 तक ये सभी क्यूआर कोड डिवाइस लगा दिये जाएंगे और यात्रियों को इस सुविधा का लाभ मिलने लगेगा । हालांकि वर्तमान में भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कुछ स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट काउंटरों में क्यूआर कोड की सुविधा डीडीआईएस (Dual Display Information System) में दिया गया है । क्यूआर कोड, यूपीआई, एटीवीएम व यूटीएस ऑन मोबाइल एप जैसी सभी सुविधाएं रेल यात्रियों को बिना लंबी लाइन लगे त्वरित यात्रा टिकट दिलाने के साथ ही साथ आसान डिजिटल भुगतान सुविधा सहित चेंज/ खुल्ले पैसे आदि की दिक्कतों से भी राहत दिलाने के लिए शुरू की गई है । सभी यात्रियों से आग्रह है कि इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठायें और अपनी यात्रा को सुगम व आसान बनायें ।

# छत्तीसगढ़ राज्य में रेलवे के विकास हेतु केंद्र सरकार प्रतिबद्ध- संतोष पाण्डेय

## बजट में 6922 करोड़ मिलने पर रेल मंत्री का जताया आभार

ब्यूरोचीफ गौरव अग्रवाल

**राजनांदगांव।** लोकसभा के जारी बजट सत्र के दौरान राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद संतोष पाण्डेय ने रेल के क्षेत्र में विकास हेतु छत्तीसगढ़ राज्य को प्राप्त 6922 करोड़ के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है । सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि साल 2009 में छत्तीसगढ़ राज्य को दक्षिण पूर्व मध्य रेल के माध्यम केन्द्रीय बजट में मात्र 311 करोड़ की राशि प्राप्त हुई जबकि साल 2024 में 6922 करोड़ प्राप्त हुए है, बजट में 22 गुना वृदि कर रेल के क्षेत्र में विकास को गति प्रदान करने में केंद्र की मोदी सरकार हमेशा से प्रतिबद्ध रही है । उन्होंने आगे बताया कि राज्य के 32 रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना में शामिल कर नवीनीकरण व उन्नयन का कार्य जारी है, साथ ही 37018 करोड़ की लागत से 25 नयी रेल परियोजनाओ पर कार्य जारी है। छत्तीसगढ़ राज्य में 141 ओवर ब्रिज व अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है जिसमे से 14 राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से है।

डोंगरगढ़ से कटघोरा नवीन रेल लाइन को गति प्रदान करने के विषय को सदन में रखते हुए सांसद ने बताया कि इस नवीन रेल लाइन का जल्द निर्माण कार्य चालू होने आवश्यक है जिससे मुंबई हावड़ा मेन लाइन पर रेल ट्रैफिक का दबाव थोडा कम होगा, मालगाड़ियों का परिवहन नवीन रेल लाइन से करने पर वर्तमान में ट्रेनों के समय से चलाये जाने में सहयोग प्राप्त होगा । नवीन रेल लाइन के निर्माण में डबल इंजन की सरकार का प्रभाव भी देखने मिला है जिसमे रेल मंत्रालय ने 500 करोड़ और छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ने 300 करोड़ का बजट प्रावधान किया है । सांसद पाण्डेय ने राजनांदगांव और डोंगरगढ़ स्टेशन में पूरी-गाँधीधाम, पूरी-




> **डोंगरगढ़-कटघोरा नयी रेल लाइन को गति प्रदान करने की बात भी रखी**

अजमेर, भगत की कोठी, डोंगरगढ़-रायपुर लोकल मेमू सहित अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग भी सदन के माध्यम से रखी है । सांसद पाण्डेय ने प्रधानमंत्री मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार रेल के साथ ही साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास की ओर सदैव अग्रसर है। सौर उर्जा से लेकर रेल, एवं नवीन सड़को से लेकर औद्योगिक विकास तक सभी क्षेत्रो में डबल इंजन की सरकार का जादू दिखेगा।

# संरक्षा के सजग प्रहरी को महाप्रबंधक, सुश्री नीनु इटियेरा ने सम्मानित किया

**बिलासपुर।** रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है । इसी कड़ी में आज दिनांक 02 अगस्त'2024 को रायपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के 02 कर्मचारियो को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा के द्वारा सम्मानित किया गया ।

रायपुर रेल मण्डल के ट्रैक मेंटेनर ग्रेड-II/ तिल्दा श्री आदित्य कुमार दास ने दिनांक 27 जून ' 2024 को समपार संख्या 395 (कि.मी.-786/31-33) में गेटकीपर की ड्यूटी के दौरान अप लाईन में जा रही एक लॉन्ग हौल ट्रेन में हॉट एक्सल की घटना को देखा और एक संभावित दुर्घटना का कारण भी बन सकता था । उन्होने त्वरित कार्यवाई करते हुए इसकी सूचना वहाँ कार्यरत स्टेशन मास्टर / तिल्दा को दी गयी और गाड़ी को तिल्दा स्टेशन पर कंट्रोल कर के आवश्यक सुधार कार्य करने के बाद ट्रेन को सुरक्षित रूप से रवाना किया गया । श्री आदित्य कुमार दास, ट्रैक मेंटेनर ग्रेड-II की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई । इसी प्रकार श्री दीनबंधु, ट्रैक मेंटेनर ग्रेड-IV/बालोद ने दिनांक 21जून, 2024 को समपार संख्या डी डी-39 (कि.मी.-910/7-8) में गेटकीपर की ड्यूटी के दौरान लाटाबोर से गुंडरदेही जा रही एक ट्रेन क्रमांक DBC-.243






में हॉट एक्सल की घटना को देखा, जो कि एक संभावित दुर्घटना का कारण बन सकता था, उन्होने त्वरित कार्यवाई करते हुए इसकी सूचना वहाँ कार्यरत स्टेशन मास्टर / लाटाबोर को देकर एक बड़ी दुर्घटना होने से बचाया । श्री दीनबंधु, ट्रैक मेंटेनर ग्रेड- IV /बालोद की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई । संरक्षा कोटि के कर्मचारी को सम्मानित किए जाने के अवसर पर प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, अन्य विभागाध्यक्ष सहित अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# भाटापारा की सफाई व्यवस्था का बेड़ा गर्क

## शहर गंदगी व कचरों के ढेर के साथ साथ जगह जगह जल भराव की स्थिति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर मे पिछले तीनों की भारी बरसात के बाद रविवार को मौसम कुछ सामान्य हुआ जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। इस बीच समूचा शहर गंदगी व कचरों के ढेर के साथ साथ जगह जगह जल भराव की स्थिति से उबर नहीं पाया है।



प्रशासन की ओर से साफ सफाई व जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं किये जाने से लोग हलाकान है। कृषि उपज मंडी मार्ग पर अनेक स्थानो पर अभी भी जल भराव की स्थिति बनी हुई है वहीं रामसप्ताह मंडप के पीछे स्थित कईहा डबरी का पानी सड़क पर बहने से लोग परेशान है इसी तरह नगर के विभिन्न चैक चैराहों गली मोहल्लों व वार्डो मे साफ सफ ई की व्यवस्था बेहतर नहीं होने से शहर मे गंदगी व बदबू के चलते आम नागरिक त्रस्त है शहर मे जगह जगह कूडे कचरे के ढेर की वजह से मक्खी व मच्छरों का प्रकोप बढ गया है वहीं आवारा पशु चैक चैराहे के गंदगी को सड़क पर बिखेर रहे है जिससे स्थिति और बिगड रहीं है हटरी बाजार, सब्जी बाजार, पुराना रेल्वे अंडरब्रिज, मंडी समीप स्थित बस स्टैड, रेल्वे ओव्हरब्रिज के नीचे, टेंहका मार्ग स्थित झुग्गी झोपडी के अलावा खोलवा मार्ग, कालेज के समीप एवं खप्पर बाबा मंदिर के सामने स्थित वेयर हाउस के पास अथाह गंदगी का भंडार लगा हुआ है जिससे उठती बदबू से राहगीर के अलावा आस पास के लोग हलाकान है बरसात मे गंदगी के साथ साथ बदबू के कारण नगर मे चारों तरफ दुर्गंध पूर्ण माहौल से निपटने पालिका प्रशासन द्वारा फि नायल व अन्य पाउडर का छिड़काव नहीं किये जाने से स्थिति बिगड़ रहीं है। पालिका की लचर सफ ई व्यवस्था के कारण लोग परेशान है। सड़क सफ ई के साथ साथ नाली नाला व तालाबों मे गंदगी का साम्राज्य चारो तरफ व्याप्त है और तो और हथनीपारा मुक्ति धाम के बाहर सड़क पर कचरों का फै लाव होने से इस क्षेत्र के निवासी हलाकान है इसी प्रकार के माहौल हटरी बाजार पुराना मछली मार्केट व बंद पडे रेल्वे अंडरब्रिज के पास अथाह गंदगी के कारण शहर की जनता पालिका प्रशासन की कार्यशैली से त्रस्त है कुछ एक जगह पर जेसीबी के सहारे कचरे उठाये जा रहे लेकिन आधे कचरे वहीं पर छोड़ दिये जाने से सफ ई व्यवस्था मे सुधार नहीं हो पा रहा है। वहीं सफ ई व्यवस्था के निरीक्षण के लिये पूर्व मे कुछ एक अधिकारियों की मौजूदगी से व्यवस्था मे सुधार हो रहा था लेकिन पिछले छह महीने से सफ ई व्यवस्था का बेड़ा गर्क हो गया है जिसके चलते संपूर्ण शहर गंदगी कचरा व बदबू से लोगों के लिये परेशानी का कारण बना हुआ है।


**गंदगी के कारण शहर की जनता पालिका प्रशासन की कार्यशैली से त्रस्त है**



# वाहनों से पार्किंग की राशि वसूलने के निर्णय का विरोध

## बीरगांव महापौर को सौंपा गया ज्ञापन

**रायपुर।** बीरगांव नगर निगम ने अपनी 30 जुलाई को हुई सामान्य सभा की बैठक में वाहनों की पार्किंग की दरें निर्धारित करते हुए ट्रांसपोर्ट नगर में आने वाले वाहनों से पार्किंग की राशि वसूलने का निर्णय लिया है,जिसका रायपुर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने भारी विरोध करते हुए महापौर बीरगांव को एक ज्ञापन सौंप कर इस निर्णय को रद्द करने की मांग की है। विदित हो कि बीरगांव नगर निगम के इस तुगलकी निर्णय के कारण ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसाय कर जीवन यापन करने वाले मैकेनिक, बॉडी मेकर, बैटरी रिपेयर्स, पंचर बनाने वाले, ऑटो पार्ट्स विक्रेता आदि विभिन्न प्रकार के व्यापार करने वाले परिवारों का भरण पोषण कैसे होगा? ट्रांसपोर्ट नगर में यदि ट्रक नहीं आएंगे तो उसको ट्रांसपोर्ट नगर नाम देने का क्या मतलब होगा?



रायपुर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन
रावाभाटा ट्रांसपोर्ट नगर, रायपुर (छ.ग.)
पंजीयन क्रमांक 22109

संरक्षक : श्री राजबहादुर मिश्रा
संरक्षक : श्री सुरेश शर्मा

अध्यक्ष : श्री उदय शंकर साहू 9425211903
सचिव : श्री हरी शंकर मिश्रा 9827151137
उपाध्यक्ष : श्री लखविन्दर सिंह, श्री जयंत सिंह 9300161000, श्री आनन्द किशोर साहू 9329105116
सहसचिव : श्री विनित तिवारी 9425203659
कोषाध्यक्ष : श्री प्रदीप लूनावत 9425503800
वरिष्ठ सदस्य : श्री अवतार सिंह ओबेराय
कार्यकारणी : श्री अंजन हरलालका, श्री दिनेश चंद दुबे, श्री कृष्ण मोहन चौबे, श्री अवधेश गिरी, श्री संजू सैनी, श्री संदीप सिंह, श्री संजीव तिवारी, श्री बंटी सिंह, श्री प्रदीप साहू, श्री शेषनाथ तिवारी, श्री दीपक गोंधी

क्रमांक...................
दिनांक...................

प्रति,
महापौर महोदय,
बीरगांव नगर निगम
रायपुर (छ.ग.)

विषय : ट्रांसपोर्ट नगर में सभी भारी वाहनों पर अतिरिक्त हॉल्टिंग कर नियम रद्द करने बाबत् ज्ञापन।

महोदय,
विषयांतर्गत लेख है कि ट्रांसपोर्ट नगर, रायपुर में पार्किंग शुल्क ट्रक चालकों द्वारा 300रु. प्रति दिन के हिसाब से वसुली करने का जो निर्णय लिया गया है उसका पुरा ट्रांसपोर्ट नगर विरोध करता है। आज रायपुर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भी इसका विरोध करता है। ट्रक चालक अपनी गाड़ियों की रिपेयरिंग कराने आता है तो उन्हें 10 से 15 दिन भी लग जाते हैं ऐसे में 300 रु. प्रतिदिन के हिसाब से ट्रक चालकों द्वारा देना संभव नही है। किसी भी बॉडी मैरेज वाले के यहाँ 1 महिना भी लग जाता है। अगर इस नियम को नहीं बदला गया तो छोटे व बड़े सभी व्यापारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है।
ट्रांसपोर्ट नगर में अगर गाड़ियाँ आनी बंद हो जाएगा तो ट्रांसपोर्ट नगर के परिवारों का भरण-पोषण व गुजारा कैसे होगा।
उक्त सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जनहित में उक्त नियम को तत्काल रद्द करने की महति कृपा करेंगे।

दिनांक : 02/08/24

भवदीय
रायपुर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन
अध्यक्ष
उदयशंकर साहू
मो.नं. 9425211903

# रायपुर एयरपोर्ट पर 2015 से क्यों खड़ा है बांग्लादेशी विमान?

## 90 ईमेल और लेटर के बाद भी कंपनी ने नहीं लिया एक्शन

रायपुर। बीते नौ वर्षो से रायपुर विमानतल में खड़े यूनाइटेड एयरवेज बांग्लादेश के एमडी- 83 विमान का पार्किंग शुल्क करीब चार करोड़ रुपये पहुंच चुका है।



रायपुर विमानतल अथॉरिटी ने इन नौ वर्षों में बांग्लादेशी एयरलाइंस को 90 से अधिक बार पत्र व ईमेल प्रेषित कर विमान हटाने और पार्किंग शुल्क चुकाने को कहा है, लेकिन एयरलाइंस ने न तो शुल्क चुकाया है और न ही विमान को वापस ले गई है।

### ठंडे बस्ते में है नीलामी की तैयारी

पिछले दिनों रायपुर विमानतल अथॉरिटी ने विमान की नीलामी की तैयारी के लिए कानूनी सलाह भी ली थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। विमान पार्क रहने से रायपुर एयरपोर्ट के नौ में से एक पार्किंग नौ वर्षों से आरक्षित ही है। विमानतल के निदेशक एसडी शर्मा ने कहा कि रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जा चुकी है। अब वहीं से निर्णय लिया जाएगा।

### अगस्त 2015 से पार्क है विमान

***बता दें कि सात अगस्त 2015 को 173 यात्रियों को लेकर ढाका से मस्कट जाते समय विमान का इंजन खराब हो गया था। विमान ने रायपुर के विवेकानंद एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग की थी, तब से विमान यहां खड़ा है।***

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in